हिन्दी

अँगरेज़ी शिक्षा।

पहला भाग।

स्वास्थ्यरक्षा, अक्लमन्दी का ख़ज़ाना, कालज्ञान,
हिन्दी बंगला शिक्षा, हिन्दी अंगरेज़ी शिक्षा,
बंगला अंगरेज़ी शिक्षा, उर्दू अंगरेज़ी शिक्षा
आदि के लेखक और गुलिस्तां,
भगवद्गीता, अरेबियन नाइट्स,
राजसिंह और चंचलकुमारी
तथा बिछुड़ी हुई दुलहिन
आदि के
अनुवादक

पण्डित हरिदास वैद्य

द्वारा लिखित और प्रकाशित।

कलकत्ता
२०१ हरिसन रोड के नरसिंह प्रेस में,
बाबू रामप्रताप भार्गव द्वारा
मुद्रित।
सन् १९१६ ईस्वी

नवीं बार ५००० मूल्य ॥)

भूमिका

जिस ज़माने में, हिन्दुस्तान में, हिन्दुओं का अपना राज्य था उस ज़माने में यहाँ संस्कृत भाषा का ख़ूब ही प्रचार था। हिन्दुओं के बाद मुसल्मानों का ज़माना आया। भारत के एक ओर से दूसरे ओर तक मुसल्मानों की तूती बजने लगी। उस समय उन की भाषा फ़ारसी राज भाषा होगयी। प्रत्येक भारतवासी फ़ारसी पढ़ने में अपना गौरव समझने लगा। कई सदियों तक यही हाल रहा, फ़ारसी की तूती ख़ूब ही बजी। मुसल्मानों के बाद हमारे वर्त्तमान राजा अँगरेज़ों का समय आया। आजकल अँगरेज़ी भाषा का ज़ोर शोर है। जो अँगरेज़ी जानता है, वही शिक्षित समझा जाता है, वही विद्वान् और सम्मानास्पद समझा जाता है। बिना अँगरेज़ी पढ़े क़दम क़दम पर तकलीफ़ होती है, इसीलिए प्राय प्रत्येक भारतवासी अँगरेज़ी पढ़ना अपना परम कर्त्तव्य समझता है। वास्तव में बात भी ऐसी ही है, थोड़ी बहुत

अँगरेज़ी बिना किसी का काम भी नहीं चल सकता, क्योंकि रेल, तार, डाकखाने प्रभृति में जहाँ जाइये, बिना अँगरेज़ी काम नहीं चलता।

पर इस भाषा के सीखने में कई प्रकार की कठिनाइयाँ हैं। प्रथम तो यह भाषा विदेशी है, दूसरे अन्यान्य भाषाओं से कठिन भी है। इसके पूर्ण रूप से पढ़ने को ज़हीन से ज़हीन आदमी को १२ वर्ष से कम नहीं लगते। सर्व साधारण अपने बालकों को इतना समय और इसके लिये ढेर खर्च नहीं दे सकते। वह लोग थोड़े परिश्रम और थोड़े खर्च से काम चलाने लायक अँगरेज़ी सिखाना चाहते हैं। उन लोगों को पहाड़ खोद कर चूहा निकालना पसन्द नहीं।

इसी श्रेणी के लोगों के लिए, मैंने इस पुस्तक को सन् १८०८ ई० में लिखा था। इस मतलब के लिये, अनेक प्रकार की पुस्तकों के होते हुए भी, सर्व साधारण ने इस अँगरेज़ी-शिक्षा को ही खूब पसन्द किया, इसीसे थोड़े ही समय में इसके आठ संस्करण हो गये। बात की बात में २५ हज़ार कापियाँ बिक गईं। इसके आगे के दूसरे, तीसरे, चौथे और पाँचवें भाग भी तय्यार होगये। उनके भी दो दो और तीन तीन संस्करण इस अल्प समय में, होगये, क्योंकि-दूसरे, तीसरे, चौथे, और पाँचवें भाग को इस पुस्तक के प्रथम भाग पढ़ने वालों के सिवा रेल, तार, डाकखाने के क्लर्कों (बाबुओं) और निम्न कर्मचारियों ने खूब खरीदा।

आज इस प्रथम भागका नया संस्करण तय्यार है। इस पुस्तक के प्रत्येक संस्करण के समय तो इसमें बराबर वृद्धि की ही गई थी। इस बार भी बहुत ही उपयोगी अँगरेज़ी कहावतें, अर्थ और उच्चारण सहित, अन्त में जोड़ दी गई हैं। अब कोई ऐसी बात नहीं रही है, जिसके लिये पबलिक को कुछ कहने की ज़रूरत पड़े।

बहुत लोग, हमारी अँगरेज़ी शिक्षा पढ़ कर, चपरासी से क्लर्क होगये हैं। बहुतेरे अपना कारोबार धड़ाधड़ चलाने लगे हैं। लेकिन इस बार यह पुस्तक जिस उत्तमता से तय्यार हुई है, उसे देखकर लोग और भी खुश होंगे।

इस पुस्तक के पाँचों भाग तय्यार करने में मेरे एक परम स्नेही बाबू हरिराम भार्गव ने मुझे समय समय पर बहुत कुछ सहायता दी है, अतएव मैं उनका चिरकृतज्ञ हूँ। अनेक वकील मुख्तारों, स्कूल-मास्टरों तथा कई एक उदारहृदय, देश रत्ति हिन्दी पत्र सम्पादकों ने इसके प्रचार में खूब ही सहायता दी है, अतएव मैं उन सब को भी हार्दिक धन्यवाद दिये बिना रह नहीं सकता।

कलकत्ता
१।६।१६

विनीत—
हरिदास।

विषय-सूची।

ALPHABET.

वर्णमाला।

CAPITAL LETTERS

A	B	C	D	E	F	G	H
ए	बी	सी	डी	ई	ऐफ	जी	ऐच
I	J	K	L	M	N	O	P
आई	जे	के	ऐल्	ऐम्	ऐन्	ओ	पी
Q	R	S	T	U	V	W	X
क्यू	आर	ऐस	टी	यू	व्ही	डब्ल्यू	एक्स
Y	Z.						
वाई	ज़ैड।						

SMALL LETTERS.

a b c d e f g h i j
ए बी सी डी ई ऐफ़ जी ऐच आई जे
k l m n o p q r s t
के ऐल् ऐम् ऐन् ओ पी क्यू आर ऐस् टी
u v w x y z.
यू व्ही डब्ल्यू ऐक्स वाई ज़ैड।

1 2 3 4 5 6 7 8 9 10
वन् टू थ्री फ़ोर फ़ाइव्ह सिक्स सेविन् एट् नाइन् टैन्

पहिचानने के अक्षर।

M P W B D A O F S G N T J E
U Q L C H I K R X Z V Y

b d p q m o c e t l v n w u x
a f z y h i k j r g s

अँगरेज़ी भाषा में दो भाँति के अक्षर होते हैं —(१) बड़े और (२) छोटे। बड़े अक्षरों को अँगरेज़ी में Capital letters और छोटों को Small letters कहते हैं।

अँगरेज़ी का प्रथम ही उद्योग करनेवाले, बहुधा, छोटे अक्षरों में कुछ चकराया करते हैं। अतः b, d, p, q n, u, i, j, e और c पर खूब ध्यान रक्खो।

VOWELS स्वर।

a e i o u

CONSONANTS. व्यञ्जन।

b c d f g h j k l m n p q r s
t v w x y z

लिखने के बड़े अक्षर।

A B C D E F G H I J

ए बी सी डी ई ऐफ जी ऐच आई जे

K L M N O P Q R S

के ऐल् ऐम् ऐन् ओ पी क्यू आर ऐस

T U V W X Y Z

टी यू व्ही डब्ल्यू ऐक्स वाई जैड।

Note—स्वरों का उच्चारण, बिना किसी की सहायता के, अपने आप होता है, किन्तु व्यञ्जनों का उच्चारण स्वरों की सहायता से होता है, जैसे खाली "k" से 'क' न होगा, लेकिन 'k' के साथ 'a' स्वर मिलाने से 'क' होगा।

अँगरेजी में a, e, i, o, u, पांच स्वर होते हैं और शेष २१ अक्षर व्यञ्जन कहलाते हैं। कभी w और y भी स्वरों की गिन्ती में आजाते हैं।

लिखने के छोटे अक्षर।

a b c d e f g h i j k l

एँ बी सी डी ई ऐफ जी एच आई जे के ऐल्

m n o p q r s t

ऐम् ऐन् ओ पी क्यू आर ऐस टी

u v w x y z

यू व्ही डब्ल्यू ऐक्स वाई ज़ैड।

1 2 3 4 5 6 7 8 9 10

वन् टू थ्री फ़ोर फ़ाइव् सिक्स सेविन एट नाइन् टैन्

स्वर।

अ	आ	इ	ई	उ	ऊ	ए	ऐ	ओ	औ	अं	अः
a	á	i	ee	u	oo	e	ai	o	au	an	ah

अँगरेज़ी में जिस भाँति छापनेके अक्षर दो तरह के होते हैं, वैसे ही लिखने के भी दो तरह के होते हैं। लिखनेके छोटे अक्षरों में पढ़नेवाले इन बातों पर ध्यान रक्खें —"e' का मुँह सदा खुला रक्खें अन्यथा e को 'c' होजायगी। i और j पर नुक़ता देना और t काटना न भूलें। h और p तथा g और q का अन्तर समझ लें।

व्यञ्जन।

क	ख	ग	घ	ङ	च	छ	
ka	kha	ga	gha	ang	cha	chha	
ज	झ	ञ	ट	ठ	ड	ढ	
ja	jha	yan	ta	tha	da	dha	
ण	त	थ	द	ध	न	प	
na	ta	tha	da	dha	na	pa	
फ	ब	भ	म	य	र	ल	
pha	ba	bha	ma	ya	ra	la	
व	श	ष	स	ह	क्ष	त्र	ज्ञ
va	sha	sha	sa	ha	ksha	tra	gya

Note—लड़कों को ध्यान रखना चाहिये, कि अँगरेजी में ट और त ठ और थ, द और ड, तथा ढ और ध एकही तरह लिखे जाते हैं।

अँगरेज़ी बारहखडी ।

ka	ka	ki	kee	ku	koo	ke	kai	ko	kau	kan	kah
क	का	कि	की	कु	कू	के	कै	को	कौ	कं	कः
kha	kha	khi	khee	khu	khoo	khe	khai	kho	khau	khan	khah
ख	खा	खि	खी	खु	खू	खे	खै	खो	खौ	खं	खः
ga	ga	gi	gee	gu	goo	ge	gai	go	gau	gan	gah
ग	गा	गि	गी	गु	गू	गे	गै	गो	गौ	गं	गः
gha	ghá	ghi	ghee	ghu	ghoo	ghe	ghai	gho	ghau	ghan	ghah
घ	घा	घि	घी	घु	घू	घे	घै	घो	घौ	घं	घः
cha	chá	chi	chee	chu	choo	che	chai	cho	chau	chan	chah
च	चा	चि	ची	चु	चू	चे	चै	चो	चौ	चं	चः
chha	chha	chhi	chhee	chhu	chhoo	chhe	chhai	chho	chhau	chhan	chhah
छ	छा	छि	छी	छु	छू	छे	छै	छो	छौ	छं	छः

ja	já	ji	jee	ju	joo	je	jai	jo	jau	jan	jah
ज	जा	जि	जी	जु	जू	जे	जै	जो	जौ	जं	ज
jha	jhá	jhi	jhee	jhu	jhoo	jhe	jhai	jho	jhau	jhan	jhah
झ	झा	झि	झी	झु	झू	झे	झै	झो	झौ	झ	झ
ta	tá	ti	tee	tu	too	te	tai	to	tau	tan	tah
ट	टा	टि	टी	टु	टू	टे	टै	टो	टौ	टं	ट
tha	thá	thi	thee	thu	thoo	the	thai	tho	thau	than	thah
ठ	ठा	ठि	ठी	ठु	ठू	ठे	ठै	ठो	ठौ	ठं	ठ
da	dá	di	dee	du	doo	de	dai	do	dau	dan	dah
ड	डा	डि	डी	डु	डू	डे	डै	डो	डौ	डं	ड
dha	dhá	dhi	dhee	dhu	dhoo	dhe	dhai	dho	dhau	dhan	dhah
ढ	ढा	ढि	ढी	ढु	ढू	ढे	ढै	ढो	ढौ	ढं	ढ
na	ná	ni	nee	nu	noo	ne	nai	no	nau	nan	nah
ण	णा	णि	णी	णु	णू	णे	णै	णो	णौ	ण	ण

ta	tá	ti	tee	tu	too	te	tai	to	tau	tan	
त	ता	ति	ती	तु	तू	ते	तै	तो	तौ	त	त
pa	pá	pi	pee	pu	poo	pe	pai	po	pau	pan	pah
प	पा	पि	पी	पु	पू	पे	पै	पो	पौ	पं	प
pha	phá	phi	phee	phu	phoo	phe	phai	pho	phau	phan	phah
फ	फा	फि	फी	फु	फू	फे	फै	फो	फौ	फ	फ'
ba	bá	bi	bee	bu	boo	be	bai	bo	bau	ban	bah
ब	बा	बि	बी	बु	बू	बे	बै	बो	बौ	ब	ब'
bha	bhá	bhi	bhee	bhu	bhoo	bhe	bhai	bho	bhau	bhan	bhah
भ	भा	भि	भी	भु	भू	भे	भै	भो	भौ	भ	भ
ma	má	mi	mee	mu	moo	me	mai	mo	mau	man	mah
म	मा	मि	मी	मु	मू	मे	मै	मो	मौ	मं	म
ya	yá	yi	yee	yu	yoo	ye	yai	yo	yau	yan	yah
य	या	यि	यी	यु	यू	ये	यै	यो	यौ	यं	य'

ra	rá	ri	ree	ru	roo	re	rai	ro	rau	ran	rah
र	रा	रि	री	रु	रू	रे	रै	रो	रौ	रं	रः
la	lá	li	lee	lu	loo	le	lai	lo	lau	lan	lah
ल	ला	लि	ली	लु	लू	ले	लै	लो	लौ	लं	लः
va	vá	vi	vee	vu	voo	ve	vai	vo	vau	van	vah
व	वा	वि	वी	वु	वू	वे	वै	वो	वौ	वं	वः
sha	shá	shi	shee	shu	shoo	she	shai	sho	shau	shan	shah
श	शा	शि	शी	शु	शू	शे	शै	शो	शौ	शं	शः
sa	sá	si	see	su	soo	se	sai	so	sau	san	sah
स	सा	सि	सी	सु	सू	से	सै	सो	सौ	सं	सः
ha	há	hi	hee	hu	hoo	he	hai	ho	hau	han	hah
ह	हा	हि	ही	हु	हू	हे	है	हो	हौ	हं	हः
ksha	kshá	kshi	kshee	kshu	kshoo	kshe	kshai	ksho	kshau	kshan	kshah
क्ष	क्षा	क्षि	क्षी	क्षु	क्षू	क्षे	क्षै	क्षो	क्षौ	क्षं	क्षः

हिन्दुओंके नाम।

Ganeshdas गणेशदास	Hariprasad हरिप्रसाद
Mathuradas मथुरादास	Banarasidas बनारसीदास
Gopalsingh गोपालसिंह	Rampratap रामप्रताप
Harmukhray हरमुखराय	Dulichand दुलीचन्द
Kanahiyalal कन्हैयालाल	Bindraban बिन्द्रावन
Shyamlal श्यामलाल	Tejkaran तेजकर्ण
Mohanlal मोहनलाल	Nandkumar नन्दकुमार
Deokinandan देवकीनन्दन	Sheokarandas शिवकर्णदास
Lachhmandas लक्ष्मणदास	Jiwanram जीवनराम
Beharilal बिहारीलाल	Bijay Kumar बिजयकुमार
Kalicharan कालीचरन	Krishna Chandra कृष्णचन्द्र
Ajudhianath अजुध्यानाथ	Chaturbhuj चतुर्भुज
Basdeolal वासदेवलाल	Jankidas जानकीदास
Badriprasad बद्रीप्रसाद	Sukhhimul सुक्खीमल
Girdharilal गिरधारीलाल	Prantosh Dutta प्राणतोषदत्त
Banwarisingh बनवारीसिंह	Gauri Shankar गौरीशङ्कर

नोट—पढ़नेवालोंको चाहिये, कि हिन्दू मुसल्मानों के नामोंको, जो नमूनेके तौरपर दिये हैं, अच्छी तरह याद करलें। इन नामोंके याद कर लेने पर वह बारहखड़ी की सहायतासे सब तरहके नाम बखूबी लिख सकेंगे।

Raghubat Singh रघुबरसिंह Madho Duboy माधो दुबे
Binodilal Sen बिनोदीलाल सेन
Abinash Chatterji अविनाश चैटरजी
Karpurchand Mukerji कर्पूरचन्द मुकरजी
Brijratan Bhattacharya ब्रजरत्न भट्टाचार्य
Amritlal Chakravarti अमृतलाल चक्रवर्त्ती
Mahabir Tewary महावीर तिवाड़ी
Ramnath Shukla रामनाथ शुक्ल
Harbansh Misra हरवंश मिश्र
Mohanlal Shaw मोहनलाल शा
Aurobind Ghosh अरविन्द घोष
Bijoyratana Sen बिजयरत्न सेन
Amarchandra Bose अमरचन्द्र बोस
Ganganath Jha गङ्गानाथ झा
Hrishikesh Karok हृषीकेश कारक
Rampratap Bhargava रामप्रताप भार्गव
Maganlal Baheti मगनलाल बाहेती
Chhaganlal Chandak छगनलाल चांडक
Shyamlal Bhattar श्यामलाल भट्टर
Kishanlal Gupta किशनलाल गुप्त

मुसल्मानों के नाम।

Fazal Bakhsh फज़लबखस	Karim Beg करीम बेग
Ahmad Khan अहमद खां	Nawab Khan नवाब खां
Jahangir जहांगीर	Ala ud din अलाउद्दीन
Aurangzeb औरङ्गज़ेब	Hamid Ali हामिद अली
Karim ud-din करीमुद्दीन	Jalal-ud-din जलालउद्दीन
Shah Jahan शाहजहां	Hafiz Ali हाफ़िज़ अली
Bahram Khan बहराम खां	Mir Zaffar मीर ज़ाफर
Roshan Ara रोशन आरा	Nur Jahan नूरजहां
Kale Khan काले खां	Khuda Bukhsh खुदाबखस

Mohammad Ismail मुहम्मद इस्माईल
Sikandar Ali सिकन्दर अली
Muhammad Ghori मुहम्मद गोरी
Shekh Abdul Husain शेख अब्दुल हुसैन
Muzaffar Jang मुज़फ्फर जङ्ग
Mumtaz Mahal मुमताज़ महल
Alivardi Khan अलीवर्दी खां

नोट—अँगरेज़ी में जब किसी मनुष्य या जगह (गांव या शहर) का नाम लिखो, तो ऐसे नामका पहिला अक्षर सदा बड़ी ए, बी सी, डी का लिखो। अर्थात् मनुष्य या स्थानोंके नाम सदा बड़े अक्षर से आरम्भ करो।

गाँवोंके नाम।

Deshnok देशनोक
Dungargarh डूँगरगढ़
Gangashar गङ्गाशहर
Lunkaransar लूनकरनसर
Momasar मोमासर
Napasar नापासर
Pungal पूँगल
Rawatsar रावतसर
Mundwa मूँडवा
Nagaur नागोर
Sardarshahr सरदारशहर
Suratgarh सूरतगढ़
Anupgarh अनूपगढ़
Bissau बिसाऊ

Fatehpur फतहपुर
Jhunjhnu झुँझनू
Lachmangarh लछमनगढ़
Mandawa मँडावा
Nawalgarh नवलगढ़
Ramgarh रामगढ़
Surajgarh सूरजगढ़
Reni रैनी
Rajgarh राजगढ़
Ajitgarh अजीतगढ़
Ratannagar रतन नगर
Khetri खेतड़ी
Didwana डीडवाना
Kuchaman कुचामन

नोट—गाँवों और डाकखानों तथा ज़िलोंके नाम अच्छर अच्छर ऐसे ही याद कर लेने चाहियें। ठीक इस पुस्तकके माफ़िक़ हिज्जे लिखनेसे चिट्ठियाँ बेखटके पहुँचेंगी। अँगरेज़ी में हिन्दीके उच्चारणके माफ़िक़ ज़िलोंके नाम नाम लिखे जाते हैं। जैसे हिन्दीमें "बम्बई' लिखते हैं, लेकिन अँगरेज़ी में Bombay (बॉम्बे) लिखते हैं।

Chirawa चिड़ावा
Churu चूरू
Bidasar बीदासर
Chhapar छापर
Rajaldesar राजलदेसर
Bargarh बरगढ़
Bhawanipatna भवानीपटना
Deogarh देवगढ़
Jharsuguda झारसुगुडा

Makrana मकाराना
Ladnun लाडनू
Dewanhat दीवानहाट
Bakshirhat बकशीरहाट
Jamadarhat जमादारहाट
Agamani आगामनी
Mahendraganj महेन्द्रगञ्ज
Mankachar मानकाचर
Rowmari रोमारी

नगर और जिलोंके नाम।

A

Abbotabad अबोटाबाद
Aden अदन
Agra आगरा
Ahmedabad अहमदाबाद
Ahmednagar अहमदनगर
Ajmer अजमेर
Akola अकोला
Akyab अकयाब
Aligarh अलीगढ़

Alipur अलीपुर
Allahabad इलाहाबाद
Almora अलमोड़ा
Ambala अम्बाला
Amraoti अमरावती
Amritsar अमृतसर
Arrah आरा
Asansol आसनसोल
Azamgarh आज़मगढ़
Azimganj अज़ीमगञ्ज

B

Bhawlpur बहावलपुर

Bahraich बहराइच

Balasore बालासोर

Ballia बलिया

Banda बांदा

Bangalore बंगलोर

Bankipore बांकीपुर

Bankura बांकुड़ा

Bannu बन्नू

Bara-banki बाराबंकी

Bareilly बरेली

Barisal बारीसाल

Baroda बड़ौदा

Barrackpore बारकपुर

Bassein बसीन

Basti बस्ती

Belgaum बेलगांव

Bellary बिलारी

Benares बनारस

Berhampore बहरामपुर

Bhagalpur भागलपुर

Bhamo भामू

Bhavnagar भावनगर

Bhopal भोपाल

Bhuj भुज

Bijapur बीजापुर

Bijnor बिजनौर

Bikaner बीकानेर

Bilaspur बिलासपुर

Bogra बुगड़ा

Bombay बम्बई

Broach भड़ौच

Budaun बदायूँ

Bulandshahr बुलन्दशहर

Burdwan बर्दवान

Buxar बक्सर

C

Calcutta कलकत्ता

Calicut कालीकट

Campbellpur कैम्बलपुर

Cawnpore कानपुर

Chaibassa चाइबासा

Chanda चांदा

Chapra छपरा
Chingliput चिङ्गलीपट
Chinsura चिन्सुरा
Chittagong चटगाँव
Chittoor चितौर
Cocanada कोकनद
Coimbatore कोयम्बटूर
Comilla कोमिल्ला
Cooch-Behar कूचबिहार
Cuddaloro कुदालोर
Cuddapah कुदाप्पा
Cuttack कटक

D

Dacca ढाका
Daltonganj डाल्टनगञ्ज
Darjeeling दार्जिलिङ्ग
Dehradun देहरादून
Delhi दिल्ली
Dera Ghazi Khan डेरा गाज़ी खाँ
Dera-Ismail Khan डेरा इस्माइल खाँ
Dharmsala धर्मशाला
Dharwar धारवार
Dhubri धुबड़ी
Dhulia धूलिया
Dibrugarh डिबरूगढ़
Dinapur दानापुर
Dinajpur दीनाजपुर

E

Etah एटा
Etawah इटावा

F

Faridpur फ़रीदपुर
Fatehgarh फ़तहगढ़
Fatehpur फतहपुर
Ferozpur फीरोज़पुर
Fyzabad फैज़ाबाद

G

Gauhati गोहाटी
Gaya गया
Ghazipur गाज़ीपुर
Gilgit गिलगिट
Gonda गोंडा

H

Hardoi हरदोई
Hazaribagh हजारीबाग
Hissar हिसार
Hoshangabad होशङ्गाबाद
Hoshiarpur होशियारपुर
Howrah हवड़ा
Hyderabad हैदराबाद

I

Indore इन्दौर

J

Jaipur जयपुर
Jalgaon जलगांव
Jalpaiguri जल्पाइगुड़ी
Jammu जम्मू
Jaunpur जौनपुर
Jhang झङ्ग
Jhansi झांसी
Jhelum झेलम
Jodhpur जोधपुर
Jullundur जलन्धर

K

Karnal कारनाल
Khandwa खँडवा
Kheri खेरी
Khulna खुलना
Kindat किण्डत
Kohat कोहाट
Kotah कोटा
Kurnool करनूल

L

Laheria-sarai लहेरियासराय
Lahore लाहौर
Lucknow लखनौ
Ludhiana लुधियाना
Lyallpur लायलपुर

M

Madura मदुरा
Magwe मग्वी
Mainpuri मैनपुरी
Malda मालदा
Mandalay मांडले

Mangalore मँगलोर
Masulipatan मासुलिपटन
Maubin मौबिन
Meerut मेरठ
Mianwali मियाँवाली
Midnapur मिदनापुर
Mirzapur मिर्ज़ापुर,
Monghyr मुँगेर
Mont-gomery माण्टगोमरी
Moradabad मुरादाबाद
Motihari मोतीहारी
Moulmein मोलमीन
Multan मुलतान
Muttra मथुरा
Muzaffargarh मुज़फ्फरगढ
Muzaffarnagar मुज़फ्फरनगर
Muzaffarpur मुज़फ्फरपुर
Mymensingh मैमनसिंह
Mysore मैसूर

N

Nagpur नागपुर
Naini Tal नैनीताल
Negapatam नेगापाटम
Noakhali नोआखाली

O

Ootacamund उटकमन्ड
Orai उरई

P

Pabna पबना
Pakokku पकोक्कू
Partabgarh परतावगढ़
Patna पटना
Pauri पौरी
Pegu पेगू
Peshawar पिशावर
Pilibhit पीलीभीत
Pondicherry पौन्डिचेरी
Poona पूना
Port-Blair पोर्ट ब्लेयर
Prome प्रोम
Puri पुरी
Purnea पुरनिया
Purulia पुरुलिया

Q

Quetta क्वेटा

R

Rae-Bareli रायबरेली

Raigarh रायगढ़

Raipur रायपुर

Rajahmundry राजमहेन्द्री

Raj Shahi राजशाही

Ramnad रामनद

Ranchi रांची

Rangoon रङ्गून

Rangpur रङ्गपुर

Raniganj रानीगञ्ज

Ratnagiri रत्नगिरि

Rawal pindi रावलपिण्डी

S

Salem सलेम

Sambalpur सम्बलपुर

Sambhar Lake सांभर झील

Satara सतारा

Saugor सागर

Shahjahanpur शाहजहांपुर

Shahpur शाहपुर

Shillong शिलांग

Sholapur शोलापुर

Sialkot सियालकोट

Silchar सिल्चर

Siliguri सिलिगुरी

Simla शिमला

Sitapur सीतापुर

Srinagar श्रीनगर

Sultanpur सुल्तानपुर

Surat सूरत

Sylhet सिलहट

T

Tanjore तञ्जोर

Tezpur तेजपुर

Thana थाना

Tinnevelly तिनेवेली

Trichinopoli ट्रिचनापली

Trivandrum ट्रिवेन्ड्रम

Tumkur तमकुर

Tuticorin तूतीकोरिन

U

Udaipur उदैपुर

Unao उनाव

V

Vellore वेलोर

Vizagapatam विजगापटम

W

Wardha वर्धा

देशोंके नाम ।

Punjab पञ्जाब
Kashmere काश्मीर
Nepal नेपाल
Berar बरार
Bombay (बॉम्बे) बम्बई
Sindh सिन्ध
Madras मदरास
Mysore मैसोर
Hyderabad हैदराबाद
Orissa उड़ीसा
Rajputana राजपूताना
Bengal बङ्गाल
Assam आसाम
Burmah बरमा
Bhotan भूटान
Sikkim सिक्कम
Behar बिहार

United Provinces यूनाइटेड प्रोविन्सेज (युक्तप्रान्त)
Central Provinces सेण्ट्रल प्रोविनसेज (मध्यप्रदेश)

विलायतोंके नाम ।

England इंगलैण्ड
France फ्रान्स
Greece ग्रीस (यूनान)
Canada कैनेडा

Spain स्पेन	Japan जापान
Portugal पुर्त्तगाल	China चायना (चीन)
Sweden स्वेडिन	Afghanistan अफगानिस्थान
Norway नारवे	Beloochistan बिलोचिस्तान
Belgium बलजियम	Persia परशिया (फारस)
Holland हालैण्ड	Turkey (टरकी) रूम
Germany जरमनी	Korea कोरिया
Russia रशिया (रूस)	Arabia अरेबिया (अरब)
Austria आष्ट्रिया	

नदियोंके नाम।

Ganges गङ्गा	Jamuna जमुना
Brahmaputra ब्रह्मपुत्र	Sindh सिन्ध
Sutlej सतलज	Krishna कृष्णा
Kavery कावेरी	Norbudda नरमदा
Beas ब्यास	Ravi रावी

महाद्वीपोंके नाम

Asia एशिया	Europe यूरोप
Africa अफ्रीका	Australia आष्ट्रेलिया
America अमेरिका	

पहिला अध्याय।

पहिला पाठ।

Pen (पेन) क़लम	Ink (इंक) स्याही
Boy (बॉय) लड़का	Sky (स्काई) आस्मान
Dog (डॉग) कुत्ता	Hog (हॉग) सूअर
Cat (कैट) बिल्ली	Lad (लैड) लड़का
Fly (फ्लाई) मक्खी, (उड़ना)	Pig (पिग) सूअरका बच्चा

दूसरा पाठ।

Hen (हैन) मुर्गी	Nag (नैग) टट्टू
Bee (बी) मधुमक्खी	Ass (आस) गधा
Key (की) चाभी	Ant (ऐण्ट) चींटी
Cow (काउ) गाय	Rat (रैट) चूहा
Man (मैन) आदमी	Mat (मैट) चटाई

नोट—किसी मनुष्य, स्थान या चीज़के नाम को Noun कहते हैं। जैसे Ram Calcutta, Book इत्यादि।

पहिले अध्याय के पहिले, दूसरे, तीसरे, चौथे और पांचवे पाठके सब शब्द Noun के उदाहरण हैं।

Cup (कप) प्याला
Fox (फॉक्स) लोमड़ा
Kid (किड) बकरीका बच्चा
Son (सन्) बेटा, पुत्र
Sun (सन्) सूरज
Arm (आर्म) बाँह, बाज

तीसरा पाठ।

Girl (गर्ल) लड़की
Book (बुक) किताब
Seat (सीट) बैठक
Desk (डेस्क) ढालू मेज
Cock (कॉक) मुर्गा
Milk (मिल्क) दूध
Water (वॉटर) पानी, जल
Shop (शॉप) दूकान
Duck (डक) बतक
Fish (फिश) मछली
Coat (कोट) कोट, कुरता
Hand (हैण्ड) हाथ
Foot (फुट) पाँव
Name (नेम) नाम
Bone (बोन) हड्डी
Sago (सेगो) साबूदाना
Cook (कुक) रसोइया
Bull (बुल) साँड
Tale (टेल) कहानी
Tail (टेल) पूँछ दुम
Task (टास्क) काम

चौथा पाठ।

Bark (बार्क) छाल (भौंकना)
Nest (नेस्ट) घोंसला
Ring (रिंग) छल्ला (बजाना)
Bell (बेल घण्टा
Life (लाइफ) जीवन, जिन्दगी
Bank (बैङ्क) किनारा
Dish (डिश) रकाबी
Rice (राइस) चाँवल
Kite (काइट) पतङ्ग, चील
Fire (फायर) आग

Gold (गोल्ड) सोना | Road (रोड) सड़क
Root (रूट) जड़ मूल | King (किङ्ग) राजा, बादशाह
Word (वर्ड) शब्द, लफ़्ज़ | Door (डोर) द्वार, दरवाजा

पाचवाँ पाठ।

Child (चाइल्ड) बच्चा	Paper (पेपर) कागज़
Pupil (प्यूपिल) चेला	Chair (चेअर) कुरसी
Sheep (शीप) भेड़	Table (टेबिल) मेज़
Mouse (माउस) चूहा	Bench (बेंच) बैठका
Woman (वूमैन) औरत	Class (क्लास) दर्जा, कक्षा
Queen (क्वीन) रानी	Knife (नाइफ) चाकू, छुरी
Uncle (अङ्किल) चाचा	Mango (मैंगो) आम
Father (फ़ादर) पिता	Teacher (टीचर) उस्ताद
Mother (मदर) माता	Sister(सिस्टर) बहिन,भगिनी
Horse (हॉर्स) घोड़ा	Widow (विडो) बेवा राँड
Letter (लैटर) चिट्ठी, अक्षर	Slate (स्लेट) पत्थरकी तखती
Thick (थिक) मोटा, गाढ़ा	Wise (वाइज़) अक़्लमन्द
Deep (डीप) गहरा	Foolish (फुलिश) मूर्ख
Black (ब्लैक) काला	Dry (ड्राई) सूखा (सुखाना)
Red (रैड) लाल	Wet (वैट) गीला
Pale (पेल) पीला	Bad (बैड) खराब, बदमाश

Yellow (येलो) जर्द	Good (गुड) अच्छा
White (व्हाइट) सफ़ेद	Little (लिटिल) थोडा, छोटा
Green (ग्रीन) हरा	Much (मच) बहुत (तोल में)
Blue (ब्लियू) नीला	Many (मेनी) बहुत (गिन्तीमें)
Purple (परपिल) बैंगनी	Few (फ्यू) थोडे, चन्द
Scarlet (स्कारलेट) सुर्ख	Far (फार) दूर
Hot (हॉट) गर्म	Near (नीयर) पास, नज़दीक
Cold (कोल्ड) ठण्डा	Clean (क्लीन) साफ़
Brave (ब्रेव) बहादुर	Dirty (डार्टी) मैला
Timid (टिमिड) डरपोक	Some (सम) कुछ

सातवा पाठ।

Kind (काइण्ड) मिहरबान	Weak (वीक) कमज़ोर, निर्बल
Cruel (क्रुएल) निर्दय	Strong (स्ट्राङ्ग) मज़बूत
Soft (सॉफ्ट) नर्म	Sweet (स्वीट) मीठा
Hard (हार्ड) सख्त	Bitter (बिटर) कडुवा
Rich (रिच) धनवान	Large (लार्ज) बडा
Poor (पुर) निर्धन, गरीब	Small (स्माल) छोटा

नोट—Adjective एक शब्द है जो Noun की तारीफ करता है, जैसे A good boy यहां 'good' शब्द Adjective है क्योंकि वह Noun शब्द "boy' की तारीफ करता है। पहिले अध्याय के छठे व सातवें पाठोंके सब शब्द Adjective हैं।

Right (राइट) सही
Wrong (रॉंग) गलत
Old (ओल्ड) बूढ़ा, पुराना
Young (यङ्ग) युवा, जवान
New (न्यू) नया
Long (लौंग) लम्बा
Broad (ब्रॉड) चौड़ा
Right (राइट) दाहिना
Left (लेफ्ट) बायाँ
Each (ईछ) हरेक
Dear (डीयर) महँगा, प्यारा
Cheap (चीप) सस्ता
Tall (टॉल) लम्बा
Short (शॉर्ट) छोटा
High (हाई) ऊँचा
Low (लो) नीचा
Tame (टेम) पालतू
Wild (वाइल्ड) जङ्गली
This (दिस) यह

आठवाँ पाठ।

I (आई) मैं, मैंने
We (वी) हम, हमने
Thou (दाउ) तू, तूने
You (यू) तुम, तुमने
He (ही) वह, उसने
My (माई) मेरा
Our (आवर) हमारा
Thy (दाई) तेरा
Your (योर) तुम्हारा
His (हिज) उसका

नोट—Pronoun एक शब्द है जो Nounकी जगह इस्तेमाल किया जाता है, जैसे If Mohan is here, tell him to come यहाँ "him" शब्द Pronoun है, क्योंकि यह Noun शब्द "Mohan" के स्थानमें आया है। पहले अध्याय के आठवें पाठ के सब शब्द Pronoun हैं।

She (शी) वह, उसने	Her (हर) उसका
It (इट्) वह, उसने	Its (इट्स) उसका
They (दे) वे, उन्होंने	Their (देयर) उनका
Me (मी) मुझे, मुझको	Us (अस) हमें, हमको
Thee (दी) तुझे, तुझको	You (यू) तुम्हें, तुमको
Him (हिम) उसे, उसको	Her (हर) उसे, उसको
It (इट) उसे उसको	Them (देम) उन्हें, उनको

नवाँ पाठ ।

Is (इज़) है	Must (मस्ट) चाहिये
Are (आर) हैं	Ought (आॅट) चाहिये
Was (वॉज़) था	Go (गो) जाओ
Were (वर) थे	Do (डू) करो
Am (ऐम्) हूँ	Look (लुक) देखो
Has (हैज़) रखता है, है	Sit (सिट) बैठो
Have (हैव) रखते हैं, हैं	Come (कम) आओ

नोट—Verb एक शब्द है जो किसी मनुष्य या चीज़ के विषय में कुछ कहने के लिए इस्तेमाल किया जाता है जैसे Sohan plays यहाँ "plays" शब्द Verb है, क्योंकि यह Sohan के विषय में कुछ कहता है। पहिले अध्याय के ८ वें १० वें, ११ वें १२ वें और १३ वें पाठों में जो शब्द हैं, वे सब Verb हैं।

Had (हैड) रखते थे
Can (कैन) सकना
Could (कुड) सका
Shall (शैल) गा
Should (शुड) चाहिये
Will (विल) गा
Would (वुड) गा, ता
May (मे) सकना
Might (माइट) सका

Live (लिव) रहो
Love (लव) प्यार करो
Take (टेक) लो
Give (गिव) दो
Read (रीड) पढो
Write (राइट) लिखो
Say (से) कहो, सुनाओ
Tell (टैल) कहो, सुनाओ
Call (कॉल) पुकारो

दसवाँ पाठ ।

Sell (सैल) बेचो
Buy (बाई) खरीदो
See (सी) देखो
Eat (ईट) खाओ
Boil (बॉइल) उबालो
Beat (बीट) मारो
Drink (ड्रिङ्क) पीओ
Show (शो) दिखाओ
Hang (हैंग) लटकाओ
Throw (थ्रो) फैंको
Wear (वेअर) पहनो

Hold (होल्‍ड) पकड़ो
Leave (लीव) छोड़ो, छुट्टी
Sing (सिंग) गाओ
Run (रन) दौड़ो
Swim (स्विम) तैरो
Open (ओपिन) खोलो
Shut (शट) बन्द करो
Cut (कट) काटो
Put (पुट) रक्खो
Kill (किल) मारडालो
Copy (कापी) नक़ल करो

Fight (फाइट) लड़ो — Laugh (लाफ़) हँसो
Stand (स्टैण्ड) खड़े रहो — Spell (स्पैल) हिज्जे करो
Lie (लाई) लेटो — Teach (टीच) सिखाओ
Send (सैण्ड) भेजो — Touch (टच) छूओ
Obey (ओबे) आज्ञा मानो — Get (गेट) लाओ, पाओ

ग्यारहवाँ पाठ ।

To play (टु प्ले) खेलना — To die (टु डाई) मरना
To lie (टु लाई) लेटना — To sink (टु सिङ्क) डुबाना
To sleep (टु स्लीप) सोना — To ride (टु राइड) सवार होना
To weep (टु वीप) रोना — To light (टु लाइट) जलाना
To cry (टु क्राई) चिल्लाना — To speak (टु स्पीक) बोलना
To be (टु बी) होना

बारहवाँ पाठ ।

Plays (प्लेज़) खेलता है — Copies (कॉपीज) नक़ल करता है
Lies (लाइज़) लेटता है — Laughs (लाफ़्स) हँसता है
Sleeps (स्लीप्स) सोता है — Swims (स्विम्स) तैरता है
Weeps (वीप्स) रोता है — Shows (शोज़) दिखाता है
Cries (क्राइज़) चिल्लाता है — Buys (बाईज़) खरीदता है
Comes (कम्स) आता है — Sells (सैल्स) बेचता है
Does (डज) करता है — Rides (राइड्स) सवार होता है
Goes (गोज़) जाता है — Sees (सीज) देखता है

Writes (राइट्स) लिखता है	Runs (रन्ज़) दौड़ता है

तेरहवाँ पाठ।

Writing (राइटिङ्ग) लिखरहा	Coming (कमिंग) आ रहा
Going (गोइँग) जा रहा	Swimming (स्विमिंग)तैररहा
Cutting (कटिङ्ग) काटरहा	Running (रनिंग) दौड़ रहा
Loving (लविँग) प्यार कररहा	Playing (प्लेइङ्ग) खेल रहा
Am writing लिख रहा हूँ	Was coming आ रहा था
Were going जा रहे थे	Are playing खेल रहे हैं
Is running दौड़ रहा है	Was cutting काट रहा था
Were drinking पी रहे थे	Are throwing फेंक रहे हैं

चौदहवाँ पाठ।

Now (नाउ) अब	Again (एगेन) फिर
Then (देन)तब	Daily (डेली) रोज रोज़
Here (हियर) यहाँ	Thus (दस) इस तरह

नोट—अगर किसी शब्दके अन्तका अक्षर Consonant हो और उसमें "ing"जोड़ना हो तो Consonant को डबल (दूना) कर देना चाहिये। जैसे Cut का पिछला अक्षर "t" Consonant है, जब इसमें "ing" जोड़ेंगे तो इसका रूप Cutting ऐसा हो जायगा। अगर पिछला अक्षर "e" होगा तो e को निकाल कर पीछे "ing" जोड़ेंगे, जैसे Love का रूप Loving होगा।

There (देयर) यहां	Away (एवे) दूर
Where (व्हेयर) जहां, कहां	How (हाउ) कैसे, किस तरह
Soon (सून) जल्दी	Above (एबव) ऊपर
No (नो) नहीं	Below (बिलो) नीचे
Not (नॉट) नहीं	Quickly (क्विकली) जल्दीसे
Out (आउट) बाहर	Back (बेक) पीछे पीठ

पन्द्रहवां पाठ ।

In (इन) अन्दर	Of (आव) का, के, की
Into (इनटू) अन्दर	For (फॉर) वास्ते, लिये
On (ऑन) पर	From (फ्रॉम) से
Upon (अपॉन) ऊपर	Near (नीयर) पास, नज़दीक

नोट—Adverb एक शब्द है जो Verb, Adjective या किसी दूसरे Adverb को तारीफ करता है। जैसे Speak correctly A very good man He studies very diligently पहिले अध्यायके चौदहवें पाठके सब शब्द Adverb हैं।

नोट—Preposition एक शब्द है जो दूसरे शब्द के साथ Noun और Pronoun का सम्बन्ध दिखाता है, जैसे The book is on the table यहां शब्द "on" Preposition है। पहिले अध्याय के पन्द्रहवें पाठके शब्द Preposition हैं।

At (ऐट) पर	Down (डाउन) नीचे
By (बाई) पास	Up (अप) ऊपर
With (विथ) साथ, से	Round (राउण्ड) चारों तरफ

नोट—Conjunction एक शब्द है जो शब्दों और वाक्यों को जोड़ता है, जैसे Ram and Mohan यहां "and" शब्द Ram और Mohan को जोड़ता है, इसवास्ते Conjunction है।

सूचना—पढ़नेवाले Noun, Adjective वगैर की परिभाषाओंको यहां अच्छी भाँति याद करले । अँगरेजी शिक्षाके दूसरे भागमें यह बातें ऐसे अच्छे ढंगसे समझाई गई हैं, कि मूढ़से मूढ़, बिना उस्तादकी मददके, इनको समझ सकेगा।

अँगरेजी हाथसे लिखनेकी रीति।

Ramchandra, Bhagwandass

Bhimsen, Yudhishthir,

Hari Ram Bhargava

Jotindra Mohan Sircar,

दूसरा अध्याय।

पहिला पाठ।

I do मैं करता हूँ। He comes वह आता है।
He does वह करता है। She goes वह जाती है॥
You buy तुम खरीदते हो। I come मैं आता हूँ।
We read हम पढ़ते हैं। You come तुम आते हो।
They sing वे गाते हैं। They go वे जाते हैं।
Mohan sleeps मोहन सोता है।
Girdhar runs गिरधर दौड़ता है।

दूसरा पाठ।

I am going मैं जा रहा हूँ।
We are coming हम आ रहे हैं।
You are cutting तुम काट रहे हो।
She is loving वह प्यार कर रही है।
He is playing वह खेल रहा है।
They are running वे दौड़ रहे हैं।

Champa is writing चम्पा लिख रहा है।
We were drinking हम पी रहे थे ।
He was reading वह पढ़ रहा था।
They were swimming वे तैर रहे थे।
I was copying मैं नक़ल कर रहा था।
You were spelling तुम हिज्जे कर रहे थे।

तीसरा पाठ।

I shall go मैं जाऊँगा। The will write वे लिखेंगे।
He will come वह आवेगा। She will play वह खेलेगी।
Ram will sing राम गावेगा।
I may go मैं जा सकता हूँ।
You must spell तुम्हें हिज्जे करने चाहियें।
Sohan should read सोहन को पढ़ना चाहिये।
You may go तुम जा सकते हो।
I can spell मैं हिज्जे कर सक्ता हूँ।

नोट—हिन्दी में स्त्री, पुरुष और बेजान चीज़ को "वह" लिखते हैं, किन्तु अँगरेज़ी में स्त्री को She, पुरुष को He और बेजान चीज़को It लिखते हैं। हिन्दीमें औरत को "जाती है, पढ़ती है" और पुरुष को "जाता है, पढ़ता है" ऐसा लिखते हैं, लेकिन अँगरेज़ी में स्त्री और पुरुष सबको एक ही क्रिया लिखते हैं।

He can give वह दे सकता है।
She can take वह ले सकती है।
You can do तुम कर सकते हो।
We can swim हम तैर सकते हैं।

चौथा पाठ।

Go in अन्दर जाओ। Come here यहां आओ।
Go out बाहर जाओ। Come on चले आओ।
Go back वापिस जाओ। Come in अन्दर आओ।
Go down नीचे जाओ। Come soon जल्दी आओ।
Go away दूर जाओ। Come back वापस आओ।
Go there वहां जाओ। Come quickly जल्दी आओ।
Go on आगे चलो। Come up ऊपर आओ।
Go up ऊपर जाओ। Come down नीचे आओ।

पाँचवाँ पाठ।

Take it वह लो। Send him उसे भेजो।
Give him उसे दो। Stand up खड़े हो जाओ।
Beat her उसे मारो। Sit down बैठ जाओ।
Throw it उसे फेंको। Lie down लेट जाओ।
Stand here यहां खड़े रहो। Do it वह करो।

छठा पाठ।

Do not sell मत बेचो। Do not fight मत लड़ो।
Do not buy मत खरीदो। Do not play मत खेलो।

Do not lie झूठ मत बोलो।
Do not go there वहाँ मत जाओ।
Do not come here यहाँ मत आओ।
Do not go out बाहर मत जाओ।
Do not do so ऐसा मत करो।
Do not beat him उसे मत पीटो।

सातवाँ पाठ।

A cruel boy निर्दयी लड़का। The black cow काली गाय।
A strong bull मज़बूत सांड़। An old cat बूढ़ी बिल्ली।
A weak cow कमज़ोर गाय। A soft mat नर्म चटाई।
A wild cat जङ्गली बिल्ली। A good girl अच्छी लड़की
A kind man मिहरबान आदमी।
The white ass सफ़ेद गधा।

आठवा पाठ।

Nand Lal is reading a book
नन्दलाल पुस्तक पढ़ रहा है।
Mohan Lal is writing a letter
मोहनलाल चिट्ठी लिख रहा है।
Shanker is opening the shop
शङ्कर दूकान खोल रहा है।
He is telling a tale वह कहानी कह रहा है।

I am beating a boy मैं लड़के को मार रहा हूँ ।
We are singing a song हम गीत गा रहे हैं ।
She is selling a ring वह छल्ला बेच रही है ।
Jiwan is drinking water जीवन जल पी रहा है ।
He was breaking a chair वह कुरसी तोड़ रहा था ।
We were flying a kite हम पतङ्ग उड़ा रहे थे ।

नवा पाठ ।

Take your seat अपनी जगह बैठो ।
Read your book अपनी किताब पढ़ो ।
Sell your mat अपनी चटाई बेचो ।
Call the cook रसोईये को बुलाओ ।
Ring the bell घण्टा बजाओ ।
Fly your kite अपनी पतङ्ग उड़ाओ ।
Send some milk कुछ दूध भेजो ।
Love your mother अपनी मा को प्यार करो ।
Obey your teacher अपनि उस्तादकी आज्ञा मानो ।
Open your book अपनी पुस्तक खोलो ।

नोट—पीछेके चौथे, पाँचवे, छठे और इस नवे पाठ के कुल वाक्य (जुमले) हुकमी हैं। इन वाक्योंमें इनका कर्ता (Subject) "तुम"(you) छिपा हुआ है। अंगरेजीमें हुकमी जुमलेको "Imperative Sentences" (इमपेरेटिव सेण्टेन्सेज़) कहते हैं। इनमें कर्ता You या Thou छिपा रहता है।

Shut the door दरवाजा बन्द करो ।

Hang your coat अपना कोट लटकाओ ।

Copy this letter इस चिट्ठी की नकल करो ।

Spell each word. हर शब्दके हिज्जे करो ।

Come into the garden बागमें आओ ।

Bid the porter come द्वारपाल को आनेका हुक्म दो ।

Come in a month एक मास में आओ ।

Bid them go away उन्हें चले जानेका हुक्म दो ।

Put your slate on the table.
मेज़ पर अपनी स्लेट रक्खो ।

अँगरेज़ी हाथ से लिखनेकी रीति ।

He passed the examination

He was severely punished.

My father is angry with me

They always chew tobacco

तीसरा अध्याय।

पहिला पाठ।

Scissors (सिज़र्स) कैंची	Bring (ब्रिङ्ग) लाओ
Horse (हॉर्स) घोड़ा	Saddle (सैडिल) ज़ीन करो
Potatoes (पोटैटोज़) आलू	Make (मेक) बनाओ
Brinjal (ब्रिन्जल) बैंगन	Learn (लर्न) सीखो
Curry (करी) कढ़ी	Pare (पेतर) कटाओ
Maund (मौण्ड) मन	Wash (वाश) धोओ
Gram (ग्राम) चना	Nails (नेल्स) नाखून, कीलें
Eyes (आईज़) आंखें	Feet (फीट) पांव
Lesson (लेसन) सबक़	Spectacles (स्पेक्टेकिल्स) ऐनक

Bring the scissors कैंची लाओ।

Saddle the horse घोड़े को ज़ीन करो।

Boil the potatoes आलू उबालो।

Make brinjal curry बैंगन की कढ़ी बनाओ।

Buy a maund of gram एक मन चना खरीदो।

Open your eyes अपनी आंखें खोलो।

Bring your spectacles अपना ऐनक लाओ।

Wash your feet अपने पाँव धोओ।
Pare your nails अपने नाखून कतराओ।
Learn your lesson. अपना सबक़ सीखो।

दूसरा पाठ।

Wick (विक) बत्ती	Sentence (सैन्टेन्स) फ़िक़रा
Lamp (लैम्प) चिराग़	Pice (पाईस) पैसा
Tea (टी) चाय	Bungalow (बँगेलो) बँगला
Change (चेंज) रेज़गारी	Paint (पेन्ट) रङ्ग करो
Rupee (रूपी) रुपया	Mind (माइन्ड) ध्यान रक्खो

Stops (स्टॉप्स) ठहरनेके चिन्ह, विराम चिन्ह
Door-post (डोर-पोस्ट) चौखट
School (स्कूल) मदरसा, पाठशाला
By turns (बाई टर्न्स) बारी बारी से
Put a wick in the lamp चिराग़ में बत्ती डालो।
Paint the door-post चौखट को रँगो।
Get some milk for tea चाय के लिये कुछ दूध लाओ।
Get change for this rupee इस रुपये की रेज़गी लाओ।
Mind the stops ठहरनेके निशानों पर ध्यान दो।
Read the sentence फ़िक़रा पढ़ो।
Say your lesson अपना सबक़ सुनाओ।
Read by turns बारी बारी से पढ़ो।

Como to school मदरसे चलो ।
Give mo a pice मुझे एक पैसा दो ।
Come to my bungalow मेरे बँगले पर आओ ।
Go off to the school मदरसे चले जाओ ।

तीसरा पाठ ।

Bill (बिल) बिल, लेखापत्र Bread (ब्रेड) रोटी
Wire (वायर) तार Pay (पे) चुकाओ, तनख्वाह
Mistake (मिस्टेक) भूल Put on (पुट ऑन) पहिनो
Time (टाइम) समय, वक्त Put off (पुट ऑफ) उतारो
One by one (वन् बाई वन्) एक एक करके
Inform (इनफार्म) सूचना दो ।
Trust (ट्रस्ट) विश्वास करो ।
Work (वर्क) काम करो, काम ।
Pay your bill अपना बिल (लेखापत्र) चुकाओ ।
Come to school every day पाठशालामें हर रोज़ आओ।
Sit quietly in your place अपनी जगहमें चुपचाप बैठो ।
Read the lesson again सबक फिर पढ़ो ।
Put on your coat अपना कुरता पहिनो ।
Put off your shoes अपने जूते उतारो ।
Go one by one एक एक करके जाओ ।
Inform me by wire मुझे तार द्वारा सूचना दो ।

Mind your mistake अपनी गलती पर ध्यान रक्खो।
Trust your teacher अपने उस्ताद पर विश्वास रक्खो।
Work in time समय पर काम करो।
Give me some bread मुझे कुछ रोटी दो।
Bring me that book. मुझे वह किताब लाओ।
Call the cook to me रसोइये को मेरे पास बुलाओ।
Now shut your book. अब अपनी पुस्तक बन्द करो।

चौथा पाठ।

Silent (साईलैन्ट) चुप
Quiet (क्वाइट) खामोश
Flowers (फ्लावर्स) फूल
Fuel (फ्यूल) ईंधन
Candle (कैन्डिल) मोमबत्ती
Ten (टेन) दस
Keep (कीप) रक्खो, रहो।
Try (ट्राई) कोशिश करो।
Never (नेवर) कभी नहीं।
Keep quiet खामोश रहो।
Be silent चुप रहो।
Try again फिर कोशिश करो
Fire (फायर) आग, (दागना, आग लगाना)
Match (मैच) दियासलाई, विवाह, युद्ध, शर्त
Habit (हैबिट) आदत, स्वभाव, ढंग, पोशाक
Place (प्लेस) जगह, स्थान, (दर्जा, पेशा, रखना)
Light (लाइट) रोशन करो, जलाओ (रोशनी)
At least (ऐट लीस्ट) कमसे कम
A few (ए फ्यू) थोड़े, चन्द, (गिन्तीमें)

Kindly (काइण्ड्ली) मिहरबानी से
Either (ईदर) या तो (एक न एक)
Leave off (लीव ऑफ) छोड़ दो ।
Never mind कुछ परवाह नहीं ।
Sit down in your place अपनी जगह बैठो ।
Kindly give me a few flowers.
मिहरबानी करके मुझे थोड़े फूल दो ।
Put a little fuel in the fire. आगमें थोड़ा ईंधन डालो
Light the lamp with a match.
दियासलाई से चिराग जलाओ ।
Light either a candle or a lamp
मोमबत्ती या चिराग जलाओ ।
Leave off every bad habit.
हरेक बुरी आदतको छोड़ दो ।
Give me at least ten rupees
मुझे कमसे कम दस रुपये दो ।
Give him a chair or a mat to sit on
उसे बैठनेको कुरसी या चटाई दो ।
Come to school with quite clean clothes.
पाठशाला में बिलकुल साफ कपड़े पहिन कर आओ ।

पाँचवाँ पाठ।

Brother (ब्रदर) भाई
Efforts (एफर्ट्स) कोशिशें
Trouble (ट्रबिल) तकलीफ
Correct (करैक्ट) सही करो
Heart (हार्ट) दिल
To leave (टु लीव) छोड़ना
Room (रूम) कमरा, जगह
At once (ऐट वन्स) एकदम
Birth (बर्थ) जन्म, पैदायश
Rely (रिलाई) भरोसा करो
Compliments (कम्पलीमेंट्स) प्रणाम
Address (एड्रेस) पता, ठिकाना
Pronunciation (प्रोननसिएशन) उच्चारण
Mistakes (मिस्टेक्स) गलतियाँ
Please (प्लीज़) मिहरबानी से
Excuse (ऐक्सक्यूज़) मुआफ करो
Get by heart (गैट बाई हार्ट) कण्ठ करो
Put out (पुट आउट) बुझाओ
Endeavour (ऐनडेवर) कोशिश करो
Chiefly (चीफली) खास करके

Give my compliments to your father
अपने पिताको मेरा प्रणाम दो।
Please send your letter to my address in Bombay
बम्बईमें मेरे पते पर अपनी चिट्ठी भेजो।
Please excuse me for the trouble I give you
मिहरबानी करके मुझे इस तकलीफके लिये मुआफ कीजिये।

Get this sentence by heart इस फ़िक़रेको कण्ठ करो ।
Endeavour to correct your pronunciation
अपने उच्चारण सुधारनेकी कोशिश करो ।
Put out the lamp चिराग बुझाओ ।
Tell him to leave the room at once.
उसे एक दम कमरा छोड़नेको कहो ।
Tell me the time and place of your birth
मुझे अपने जन्मका स्थान और समय बताओ ।
Rely chiefly on your efforts
विशेष करके अपनी ही कोशिशों पर भरोसा रक्खो ।
Do as your teacher bids you
करो जैसा तुम्हारा शिक्षक तुम्हें हुक्म दे ।

छठा पाठ ।

Dirty (डर्टी) मैला करो ।	While (ह्वाइल) जबकि
Noise (नॉइज़) शोर	Others (अदर्स) दूसरे
Fruit (फ्रूट) फल	Boast (बोस्ट) शेखी मारो
Tobacco (टूबेको) तम्बाकू	Fear (फीअर) डरो
Lazy (लेज़ी) सुस्त	Truth (ट्रूथ) सच
Too (टू) भी, बहुत ही	Expose (एक्सपोज़) रक्खो
Talk (टॉक) बात चीत करो	Pick (पिक) चुनो

Make a noise (मेक ए नॉइज़) शोर करो
Unripe (अनराइप) बिना पके

Smoke (स्मोक) तम्बाकू पीओ, (धूआँ)
Fast (फास्ट) जल्दी, तेज़ (फ़ाक़ा) Rejoice (रिजॉइस) खुश हो
Another's (ऐनदर्स) दूसरे को
Misfortune (मिसफॉरचून) बदकिस्मती, मुसीबत,
Listen (लिसिन) सुनो, ध्यान दो
Advice (ऐडवाइस) सलाह, शिक्षा
Depend (डिपेन्ड) भरोसा करो।
Lay a bet (ले ए बैट) शर्त लगाओ
Sunshine (सनशाइन) धूप, घाम
Yourself (योरसैल्फ) अपने तईं।
Pick a quarrel (पिक ए कॉरैल) झगड़ा करो
Quarrel (कॉरैल) झगड़ा Waste (वेस्ट) बरबाद करना
Help (हैल्प) सहायता, मदद Lounge (लॉन्ज) बेकार रहना
Strength (स्ट्रेंग्थ) ताक़त, बल।
Do not dirty the books किताबें मैली मत करो।
Do not make a noise शोर मत करो।
Do not eat unripe fruits बिना पके फल मत खाओ।
Do not smoke tobacco, तम्बाकू मत पीओ।
Do not be lazy आलसी मत हो।
Do not read to fast अत्यन्त जल्दी मत पढ़ो।
Never rejoice at another's misfortune,
दूसरे की मुसीबत पर खुश मत हो।

Do not listen to his advice उसकी नसीहत मत सुनो।
Do not talk while you are reading
पढ़ते पढ़ते बात चीत मत करो।
Do not depend upon others
दूसरोंपर भरोसा मत करो।
Do not boast of your strength
अपनी ताक़त की शेखी मत मारो।
Do not lay a bet शर्त्त मत लगाओ।
Fear not to speak the truth सच बोलनेमें मत डरो।
Do not expose yourself to sunshine धूपमें मत रहो।
Do not pick a quarrel झगड़ा मत करो।
Do not rely much on the help of others
दूसरोंकी सहायता पर बहुत भरोसा मत करो।
Do not waste your time in school
मदरसे में अपना समय बरबाद मत करो।
Do not lounge on your seat
अपनी जगह पर बेकार मत रहो।
Do not talk or play in the school.
मदरसे में न बात करो, न खेलो।
Do not go without me मेरे बिना मत जाओ।

नोट—इस तीसरे अध्याय के कुल पाठों के वाक्य (जुमले) भी एसी ही हैं। इनमें भी कर्ता-"you" छिपा हुआ है।

अँगरेज़ी हाथ से लिखने की रीति ।

This boarding house is to let

Now my mind will be easy

Your harp is not in tune

It is five minutes to twelve

My time is up & I must go

Demand for prints is good.

I want a loan of forty rupees.

Come without taking leave.

I will start on Friday next.

Detain Madho till Sunday.

चौथा अध्याय ।

पहिला पाठ ।

Year (ईयर) वर्ष साल   When (व्हेन) कब, जब
Month (मन्थ) महीना, मास Live (लिव) रहना जीना
Day (डे) दिन   Want (वान्ट) चाहना
Week (वीक) हफ्ता, सप्ताह Meet (मीट) मिलना
Hour (ऑवर) घण्टा, समय Last (लास्ट) पिछला, गत
Where (व्हेयर) कहाँ, जहाँ Aloud (एलाउड) ज़ोरसे
Minute (मिनिट) घण्टेका ६० वाँ भाग
Second (सेकण्ड) मिनिट का ६० वाँ भाग
What (व्हाट) क्या, जो कुछ
Stop (स्टॉप) ठहरना, विराम चिन्ह
Supper (सपर) ब्यालू, शामका खाना
Breakfast (ब्रेकफास्ट)कलेवा, हाज़िरी
Nonsense (नानसेन्स) बेहूदा, बेमानी
Where do you live ? तुम कहाँ रहते हो ?
Where does he live ? वह कहाँ रहता है ?
What do you do ? तुम क्या करते हो ?
What do you want ? तुम क्या चाहते हो ?

When do you come ? तुम कब आते हो ?
When did you come ? तुम कब आये ?
When did he come ? वह कब आया ?
When does the school meet ? मदरसा कब लगता है ?
Where did he stop ? वह कहाँ ठहरा ?
Where did you see me there ?
आपने मुझे वहाँ कहाँ देखा ?
Where did you live, last year ? गत वर्ष आप कहाँ रहे ?
When do you take your supper? आप कब व्यालू करते हैं ?
When do you take your breakfast ?
आप कब कलेवा करते हैं ?
Why do you play here ? तुम यहाँ क्यों खेलते हो ?
Why do you speak nonsense ? तुम बेहूदा क्यों बोलते हो
Why do you speak aloud ? तुम ज़ोर से क्यों बोलते हो

दूसरा पाठ ।

Why (वहाई) क्यों
Act (ऐक्ट) काम करना
Wedding (वैडिङ्ग) शादी
Take place (टेक प्लेस) होना
Part (पार्ट) जुदा होना
According to (एकॉरडिङ्ग टु) माफ़िक, बमूजिब
Friend (फ्रेण्ड) दोस्त
Leisure (लैझर) फुर्सत
Servant (सरवेन्ट) नौकर
Owner (ओनर) मालिक

Breathe last (ब्रीद लास्) मरना, अन्तिम श्वास लेना
Intend (इन्टेण्ड) इरादा करना
Foreigner (फारिनर) परदेशी
Ear rings (ईयर रिंगज़), बालियाँ
Why do you not act according to your promise ?
तुम अपने वादेके माफ़िक़ काम क्यों नहीं करते ?
When did you write a letter to your father ?
तुमने अपने पिताको चिट्ठी कब लिखी ?
When does the wedding of your son take place ?
तुम्हारे पुत्रकी शादी कब है ?
When did your father breathe his last ?
तुम्हारा बाप कब मरा ?
When do you intend to go to Bombay ?
आपका बम्बई जानेका इरादा कब का है ?
Why do you prohibit me from speaking ?
तुम मुझे बोलने से क्यों रोकते हो ?
Why did you write a letter to my father ?
तुम ने मेरे पिताको चिट्ठी क्यों लिखी ?
Where did you part from your friend ?
तुम अपने मित्रसे कहाँ जुदा हुए ?
When did you give me back my book ?
तुमने मुझे मेरी पुस्तक, कब वापिस दी ?

What did the master say to you ?
मास्टर ने तुमसे क्या कहा ?
What books do you read in your leisure hours ?
अपनी फुर्सत के समय तुम कौनसी पुस्तकें पढ़ते हो ?
Where do these foreigners come from ?
ये परदेशी कहाँ से आते हैं ?
How does the servant do his work ?
नौकर अपना काम कैसे करता है ?
Why did you do this work ?
तुमने यह काम क्यों किया।
Where did you leave it ? तुमने उसे कहाँ छोड़ा ?
Why do you wear ear rings ?
तुम बालियाँ क्यों पहनते हो ?
What do you wish for breakfast ?
कलेवेके लिये क्या चाहते हो ?
Where does the owner live ? मालिक कहाँ रहता है ?

तीसरा पाठ।

Home (होम) घर　　Late(लेट) देर
At once (एट् वन्स) एकदम
Belong to (बिलोंग टु) इलाका रखना
Think (थिंक) सोचना, विचारना
Work hard (वर्क हार्ड) मज़्बूत मिहनत करना

Arithmetic (एरिथमेटिक) अङ्क गणित
Watch (वाच) जेब घड़ी (चौकसी)
Why do you not go home at once?
तुम एक दम घर क्यों नहीं जाते ?
Whom does this book belong to ?
इस पुस्तकका मालिक कौन है ?
Why do you look at me? तुम मेरी तरफ़ क्यों देखते हो ?
When do you think of leaving this place ?
आपका यह जगह छोड़नेका विचार कबका है ?
Why do you not work hard in Arithmetic ?
तुम हिसाबमें सख़ मिहनत क्यों नहीं करते हो ?
How do you do ? आपका मिज़ाज कैसा है ?
Why did you come so late? तुम इतनी देरसे क्यों आये ?
Why do you quarrel with me ?
तुम मुझसे क्यों झगड़ा करते हो ?
Why did you not send me a letter ?
तुमने मुझे चिट्ठी क्यों नहीं भेजी ?
Where did you lose your new watch ?
तुमने अपनी नयी जेब घड़ी कहां खोई ?

चौथा पाठ ।

Whence (व्हेन्स) कहांसे — Born (बॉर्न) पैदा हुआ
To day (टु डे) आज — Miles (माइल्स) मीलें

Remain (रिमेन) रहना . Walk (वॉक) चलना

O'clock (ओ क्लॉक) बजे , Per (पर) फी

Whither (व्हिदर) कहाँ, किधर, किस ओर।

How long (हाउ लौंग) कितना अरसा

So long (सो लौंग) इतना अरसा

Begin (बिगिन) शुरू करना

Now a-days (नाउ ए डेज़) आजकल

Yesterday (यस्टरडे) गया कल, बीता हुआ कल

College (कॉलिज) बड़ा मदरसा, महाविद्यालय

Re open (रि ओपिन) फिर खुलना

How many (हाउ मैनी) कितना

What is the noise about? क्या गड़बड़ है ?

Whence has he come ? वह कहाँ से आया है ?

Whither is he going ? वह कहाँ जा रहा है ?

How is he to day ? वह आज कैसा है ?

How long will he remain here ?
वह यहाँ कितनी देर तक रहेगा ?

Where shall I begin to read, Sir ?
जनाब, मैं कहाँसे पढ़ना शुरू करूँ।

Where is he now a-days ? वह आज-कल कहाँ है ?

Where were you yesterday ? तुम कल कहाँ थे ?

What o'clock is it ? क्या बजा है ?

Where is Mohan Lal ? मोहनलाल कहाँ है ?
What may the time be ? क्या समय होगा ?
Where had you been so long ?
तुम इतने अरसे से कहाँ थे ?
What had taken you there ? तुम वहाँ क्यों गये ?
When are you going to send him a letter ?
तुम उसे पत्र भेजनेवाले हो ?
When will your college re open ?
तुम्हारा मदरसा कब खुलेगा ?
Where were you born ? तुम कहाँ पैदा हुए थे ?
How many miles can you walk per hour ?
तुम फी घण्टे कितने मील चल सकते हो ?
What can I do for you ? मैं आपके लिये क्या कर सकता हूँ ?

पाँचवाँ पाठ ।

Last (लास्ट) ठहरना	Whip (व्हिप) चाबुक
Mango (मैंगो) आम	Closet (क्लोज़ेट) कोठरी
Rent (रैण्ट) भाड़ा	Pigeons (पिजन्स) कबूतर
House (हाउस) घर	Sold (सोल्ड) बेचा

Price (प्राइस) कीमत, मोल, दाम, इनाम
Matter (मैटर) हाल, पदार्थ, चीज़, मवाद
Examination (एग्ज़ामिनेशन) परीक्षा, इमतिहान

Furniture (फरनीचर) सामान आराइश
Cucumbers (कुकम्बर्स) ककड़ियाँ
What is the price of this book ?
इस पुस्तककी क्या कीमत है ?
What is the time by your watch ?
तुम्हारी जेब घड़ीमें क्या समय है ?
What is the matter with you ? तुम्हारा क्या हाल है ?
How long will your examination last ?
तुम्हारी परीक्षा कब तक होगी ?
What will you take for this mango ?
तुम इस आम का क्या लोगे ?
What did you leave the school for ?
तुमने स्कूल क्यों छोड़ा ?
Where were you at four o'clock ? चार बजे तुम कहाँ थे ?
What is he about ? वह क्या करता है ?
What is he doing ? वह क्या कर रहा है ?
Where were you so long ? तुम इतने अरसे तक कहाँ थे ?
What is the rent of this house ?
इस मकान का क्या भाड़ा है ?
Where is the furniture sold ?
सामान आराइश कहाँ बिकता है ?
Where is my whip ? मेरा कोड़ा कहाँ है ?

Where is the key of the closet ?
कोठरी की चाभी कहां है ?
Where are the pigeons ? कबूतर कहां हैं ?
Where are cucumbers sold ? ककड़ियां कहां बिकती हैं?
How is your boy ? तुम्हारा लड़का कैसे है ?
How is your father to day ?
आज तुम्हारे पिता किस तरह हैं ?

छठा पाठ।

Sent (सेण्ट) भेजा
Brother (ब्रदर) भाई
Present (प्रेज़ेण्ट) वर्त्तमान
Tenant (टैनेण्ट) किरायेदार
Battle (बैटिल) लड़ाई
Fought (फाट) लड़ा
Get up (गेट अप) उठना
Sunday (सन्डे) आदित्यवार
Monday (मन्डे) सोमवार
Tuesday (ट्यूज़डे) मङ्गलवार
Wednesday (वेंज़डे) बुधवार
Thursday (थर्सडे) बृहस्पतिवार
Friday (फ्राइडे) शुक्रवार
Saturday (सैटरडे) शनिवार
Relations (रिलेशन्स) रिश्तेदार
To take fire (टु टेक फायर) आग लगना
Where are your relations ? तुम्हारे रिश्तेदार कहां हैं ?
Where is the teacher ? शिक्षक कहां है ?
Where shall I sit ? मैं कहां बैठूं ?
What is your name ? तुम्हारा क्या नाम है ?

What is your brother's name ?
तुम्हारे भाई का क्या नाम है ?
Who are you ? तुम कौन हो ?
Who sent you ? तुम्हें किसने भेजा ?
What is this ? यह क्या है ?
Where is he ? वह कहां है ?
Who is the present tenant? वर्त्तमान किरायेदार कौन है ?
Why was he so late in coming ?
उसे आनेमें इतनी देर क्यों हुई ?
When was the battle of Panipat fought ?
पानीपतकी लड़ाई कब हुई ?
How are you ? तुम कैसे हो ?
Where is your uncle now ? अब तुम्हारा चाचा कहां है ?
At what hour do you get up in the morning ?
सवेरे तुम किस समय उठते हो ?
How did the house take fire ? घरमें आग कैसे लगी ?
How can it be so ? ऐसा कैसे हो सकता है ?
Where will you be on Friday* ?
शुक्रवारको तुम कहां होगे ?

---

*हफ्तेके दिनोंके नाम Sunday, Monday इत्यादि, चाहें वाक्यके आदिमें आयें चाहें बीच या अन्तमें, सदा बड़े अक्षर (कैपीटैल लैटर) से आरम्भ किये जाते हैं ।

सातवाँ पाठ।

Room (रूम) कमरा, (जगह) Judge (जज) विचारक
Newspaper (न्यूज़ पेपर) अखबार, समाचार पत्र
Governor (गवरनर) हाकिम
Governor General (गवरनर जनरल) बड़ा लाट
Did appear (डिड एपियर) प्रकाशित हुई
Lieutenant Governor (लफ़टिनेन्ट गवरनर) छोटा लाट
Collector (कलेक्टर) ज़िलेका हाकिम ज़िलाधीश
Expect (ऐक्सपेक्ट) आशा करना, उम्मेद करना
Stamp (स्टाम्प) टिकिट, मुहर ठप्पा
Envelope (ऐन्वेलप) लिफ़ाफ़ा
Stood first (स्टुड फर्स्ट) प्रथम रहा, अव्वल रहा
Geography (जिआगरफ़ी) भूगोल, वह विद्या जिसमें पृथ्वी और उसकी चीज़ोंका बयान हो।
Return (रिटर्न) लौटाना, लौटना
Which (ह्विच) जोकि, कौनसा
Sort (सॉर्ट) किस्म (छांटना) History (हिस्ट्री) इतिहास
Opened (ओपिण्ड) खोला

नोट—चौथे अध्यायके पाठोंमें जैसे वाक्य हैं, ऐसे वाक्यों को Interrogative Sentences अर्थात् प्रश्नवाचक वाक्य कहते हैं।

In what newspaper did the Governor's speecl appear ? गवरनरकी स्पीच किस सम्बादपत्रमें निकली ?

When may I expect to hear from you ?

मैं तुम्हारी खबर सुननेकी कब आशा करूँ ?

Where can I get a stamp for my letter ?

चिट्ठीके लिये मुझे टिकट कहाँ मिल सकता है ?

Where has he put my pens ?

उसने मेरी कलमें कहाँ रक्खी हैं ?

What sort of man are you ?

तुम किस किस्मके आदमी हो ?

Where is the envelope of this letter ?

इस पत्रका लिफ़ाफ़ा कहाँ है ?

What books have you read ?

तुमने कौनसी पुस्तकें पढ़ी हैं ?

Whom are you speaking of ?

तुम किसकी बात कर रहे हो ?

Why are you late to day ? आज तुम्हें क्यों देर हुई ?

Who stood first in the examination ?

परीक्षामें अव्वल कौन रहा ?

Who has opened the door of this room ?

इस कमरेका द्वार किसने खोला है ?

In what class do you read ? तुम किस दर्जेमें पढ़ते हो ?

Where did you send those letters ?
वे पत्र तुमने कहाँ भेजे ?
Who teaches you Geography ?
तुम्हें भूगोल कौन सिखाता है ?
When will you return home ? तुम घर कब लौटोगे ?
Which book will you read first ?
तुम कौनसी पुस्तक पहले पढ़ोगे ?
Which of these books do you prefer ?
तुम इनमेंसे कौनसी पुस्तकें पसन्द करते हो ?
What book is that ? वह कौन किताब है।

आठवाँ पाठ।

Stole (स्टोल) चुराया Taught (टॉट) सिखाया
Came (केम) आया Lend (लेण्ड) उधार देना
Age (एज) उम्र, अवस्था
Guardian (गारजियन) रक्षक, सरपरस्त
Whose (हूज) किसका, जिसका
How many (हाउ मैनी) कितना (गिन्तीमें)
How much (हाउ मच) कितना (तोलमें)
Who is your guardian ? तुम्हारा सरपरस्त कौन है ?
Whose book is this ? यह किसी पुस्तक है ?
Who stole his book ? उसको पोथी किसने चुराई ?
Who came here ? यहाँ कौन आया ?

दशवाँ पाठ ।

Find (फाइण्ड) पाना
Lost (लॉस्ट) खोया
Lion (लायन) सिंह शेर
Fool (फूल) मूर्ख
Oranges (ऑरेनजेज़) नारङ्गियाँ
Noon (नून) दोपहर
Head master (हैड मास्टर) प्रधान अध्यापक
Lightning (लाइटनिङ्ग) बिजली
Evening (ईवनिङ्ग) सन्ध्या, शाम
Morning (मॉरनिङ्ग) सवेरा, प्रात काल
Afternoon (आफ़टरनून) तीसरा पहर
Midnight (मिडनाइट) आधी रात
How to bind बाँधनेका तरीक़ा
Night (नाइट) रात
Crowd (क्राउड) भीड़
These (दीज़) ये

Do you know the name of the Head Master ?
क्या तुम प्रधान अध्यापक का नाम जानते हो ?

Do you know Ramgopal ?
क्या तुम रामगोपालको जानते हो ?

Do you know the year in which you were born ?
क्या तुम उस सम्वत्‌को जानते हो, जिसमें तुम पैदा हुए थे ?

Did you find your lost horse ?
क्या तुम्हें तुम्हारा खोया हुआ घोड़ा मिल गया ?

Did you ever see the lion ?
क्या तुमने कभी शेर देखा ?
Did you call him a fool ? क्या तुमने उसे मूर्ख कहा ?
Did you see the lightning yesterday evening ?
कल शामको तुमने बिजली देखी ?
Do you know how to bind a book ?
क्या तुम जिल्द बांधना जानते हो ?
Do you think me a fool ?
क्या तुम मुझे मूर्ख समझते हो ?
Did you go to school to day ?
क्या तुम आज मदरसे गये ?
Does your master teach history well ?
क्या तुम्हारा उस्ताद इतिहास अच्छी तरह सिखाता है ?
Does your father love you ?
क्या तुम्हारा बाप तुमको प्यार करता है ?
Did you not see me in the crowd ?
क्या तुमने मुझे भीड़में नहीं देखा ?
Did you think over it yesterday ?
क्या तुमने कल उसपर विचार किया ?
Do you like these oranges ?
क्या तुम इन नारङ्गियोंको पसन्द करते हो ?

ग्यारहवाँ पाठ ।

Repeat (रिपीट) कहना	Clock (क्लाक) धर्म-घड़ी
Walk (वाक) चलना	Six (सिक्स) ६ (छै)
Ladder (लैडर) नसैनी	Natives बाशिन्दे
Carriage (कैरिज) गाड़ी	Clever (क्लेवर) चालाक
Student (स्टूडेन्ट) विद्यार्थी	Taller (टॉलर) अधिक लम्बा
Jest (जेस्ट)मसखरी, ठट्ठा	Than (दैन) से, अपेक्षा

Train (ट्रेन) लड़ी (पङ्क्ति) रेलगाड़ी

Railway station (रेलवे स्टेशन) रेलवा मुकाम

Can you speak English ?

क्या तुम अँगरेज़ी बोल सक्ते हो ?

Can you write a letter ? क्या तुम चिट्ठी लिख सक्ते हो ?

Can you repeat your lesson by heart ?

क्या तुम अपना सबक़ कण्ठ कह सक्ते हो ?

Can you walk much ? क्या तुम ज़ियादः चल सक्ते हो ?

Can you speak in Persian ?

क्या तुम फ़ारसी बोल सक्ते हो ?

Can you get a ladder ? क्या तुम नसैनी ला सक्ते हो ?

Can I get the house ? क्या मुझे यह घर मिल सक्ता है ।

Are they natives of Bombay ?

क्या वे बम्बईके बाशिन्दे हैं ?

Can I got a two horse carriage at the railway station ? क्या मुझे रेलवे स्टेशन पर दो घोड़ेकी गाड़ी मिल सकती है ?

Can you lend him some money ?

क्या तुम उसे कुछ रुपया उधार दे सकते हो ?

Are you in earnest or in jest ?

तुम सच कहते हो या मसखरी करते हो ?

Is there a clock in that room ?

क्या उस कमरेमें घड़ी है ?

Is there no one to help me ?

क्या मेरी सहायताको कोई नहीं है ?

Are there six men in that room ?

क्या उस कमरेमें छ आदमी हैं ?

Are your friends coming by the train ?

क्या तुम्हारे दोस्त गाड़ी (रेल) से आरहे हैं ?

Were these boys playing when you came ?

क्या ये लड़के, जब तुम आये, खेल रहे थे ?

Is Rawatmull a clever student ?

क्या रावतमल होशियार विद्यार्थी है ?

Am I not taller than your brother ?

क्या मैं तुम्हारे भाईसे ऊँचा नहीं हूँ ?

बारहवाँ पाठ ।

Risen (राइज़िन) उगा	Anything कोई चीज़
Cash(कैश) नकद, रोकड़	School-fee मदरसेकी फीस
Bought (बॉट) खरीदा	Paid (पेड) चुकाया
Works (वर्क्स) यन्त्र	Tuition fee पढ़ाईकी फीस
Lock (लॉक) ताला	Written (रिटिन)लिखागया
Brought (ब्रॉट) लाया	Sense (सेन्स) ज्ञान, इन्द्रिय

Dictionary (डिक्शनेरी) कोष

Almirah (ऐल्मिराह) आलमारी ।

Has the sun risen ? क्या सूरज उग चुका है ?

Has he a good dictionary ?
क्या उसके पास अच्छा कोष है ?

Have you the key of this box ?
क्या तुम्हारे पास इस सन्दूककी चाभी है ?

Have you bought this book for cash ?
क्या तुमने इस पुस्तकको नकद रुपयेसे खरीदा है ?

Have you a book ? क्या तुम्हारे पास किताब है ।

Have you a friend ? क्या तुम्हारे कोई मित्र है ?

Has your examination been over ?
क्या तुम्हारा इमतिहान खतम हो चुका है ?

Have you got any letter from Sohan Lal ?
क्या तुम्हारे पास सोहनलाल का कोई पत्र आया है ?

Have you brought me the works of Kalidass ?
क्या तुम मेरे लिये कालिदासके ग्रन्थ लाये हो ?
Have you heard anything new to day ?
क्या तुमने आज कोई नई बात सुनी है ?
Has the almirah a lock ?
क्या आलमारीके ताला है ?
Have you no sense of right and wrong ?
क्या तुममें भले बुरेका ज्ञान नहीं है ?
Have you read Mahabharat ?
क्या तुमने महाभारत पढ़ा है ?
Has he lost his new watch ?
क्या उसने अपनी नई जेब घड़ी खो दी है ?
Have you paid the school-fee ?
क्या तुमने मदरसे की फ़ीस चुका दी है ?
Have you written a new book ?
क्या तुमने नई किताब लिखी है ?
RULE XXX. If the reported speech be interrogative, turn the reporting verb into "ask" or "inquire," make the interrogative speech assertive and then place "if" or "whether" before the reported speech, but do not put the above "if" or "whether" when they are conjunctive adverbs as, when, where, whence, why, and how in the reported speech.

EXERCISE 30.

(१) मैं ने उस से कहा कि क्या आप कल अलीगढ़ जायेंगे।
(२) क्या आप कह सकते हैं कि बुलन्दशहर की नुमायश कब होगी?
(३) वह दर्याफ्त करता है (पूछता है) कि तुम मदरसे में क्यों गैरहाज़िर थे।
(४) इन्स्पेक्टर साहब पूछते हैं कि क्या सब कापियों पर एक ही पता होगा।
(५) वह तुम से पूछता है कि तुम ने निश्चय ही उस को इस सवाल में सहायता दी है।
(६) मुझे सूचित करो कि तुम्हारा लड़का क्या तीसरे दर्जे के इन्सपेक्टर कलफत्ते सराकिज में जाने को राज़ी है।
(७) उस ने तुम से पूछा कि क्या वह कह सकता है कि इस मकान की (इमारत) बनवाई में कितना रुपया खर्च हुआ होगा।
(८) उस ने तुम से पूछा कि तुम इस साल कितने लड़के इम्तहान में भेजोगे।
(९) बतलाइये तो आप कहां से आये हैं।
(१०) बतलाइये तो कि क्यों उस ने मदरसा छोड़ दिया है।

Exhibition नुमाइश, Actually वाक़ई, ठीक, Grade दर्जा, To send up भेजना, Address पता, Willing रज़ामंद, प्रसन्न Construction बनाना, To resign छोड़ना।

RULE XXXI The imperative mood in the reported speech is required to be changed into the infinitive mood and the reporting verb must be changed into order, command, request or entreat according to the sense.

EXERCISE 31

(१) उस ने मुझ से कहा कि बैठ जाओ।

(२) वह कहते हैं कि यह काम तुम एक घंटे के अंदर करो।

(३) लड़के ने गुरु से कहा कि मुझे यह सवाल समझा दीजिये।

(४) बादशाह ने फ़ौज को हुक्म दिया कि इस नगर के कोट पर चढ़ाई करो।

(५) मैं तुम को ताकीद करता हूं (समझाता हूं) कि आइन्दा अपना सबक़ नित्य प्रति याद कर लेना।

(६) उस ने मुझ से कहा कि यहां आओ और बैठ जाओ।

(७) उपदेशक ने लेक्चर दिया कि सुबह व शाम ईश्वर की पूजा करो, क्योंकि यह वक़्त अच्छा है जब कि तुम बिल्कुल आराम रहते हो।

(८) साहब इन्सपैक्टर ने आज्ञा दी है कि इन मकानों को पूरा कर के कल हम को पेश करो।

Fortification नगर कोट, Warn समझाना, ताड़ना करना, To preach उपदेश करना, After completion पूरा करना, To attack चढ़ाई करना, Preacher उपदेशक, To put up पेश करना।

RULE XXXII While changing from direct to indirect change their forms as follows —

Now	Then	This	That
Here	There	Ago	Before

Thus	In that way	To day	That day
To morrow	The next day	Please	Kindly
Yesterday	The previous day	Come	Go
Last night	The previous night		

EXERCISE 32

(१) मैं ने उस से कहा कि उस को अभी करो।

(२) उस ने मुझ से कहा कि मैं ने इस काम को थोड़ी देर पहिले कर लिया था।

(३) उस ने कहा कि मैं कल अलीगढ़ जाऊंगा।

(४) राम ने कहा कि मैं कल बनारस की पैंठ को गया था।

(५) उस ने कहा कि कल रात बड़ी सर्दी थी।

(६) वह कहता है कि आज बड़ी गर्मी है।

(७) उस ने कहा कि मैं तुम्हारी इस भेंट को स्वीकार नहीं कर सकता हूं।

Weekly bazar पैंठ, To acknowledge स्वीकार करना, Leisure फुरसत, छुटकारा, Market पैंठ, Gift भेंट, तोफा, Undoubtedly निःसंदेह।

RULE XXXIII Interjections and vocatives are left out and sometimes some words are omitted, while others are substituted for them

EXERCISE 33

(१) उस ने कहा कि वाह वाह क्या अच्छा समय है।

(२) मोहन कहता है कि अरे सोहन अपने काम पर मुस्तैद रहो नहीं तो बड़ी खराबी होगी।

(३) उस ने कहा कि इस को जाने दो।

(४) लड़को! कठिन परिश्रम करो, क्योंकि इम्तहान नज़दीक है।

(५) उस ने कहा अफसोस कैसा कमाऊ लड़का चल बसा।

(६) उस ने कहा कि मित्रो ईश्वर को किसी दशा में न भूलना चाहिये।

(७) उस ने कहा आप लौट जाइये।

भी चला जाता है तो वह कम हो जाता है और इन के विरुद्ध विद्या [illegible] औरों का भी जाती है उतनी पड़ती है।

(४) दुर्ग के साथ मिलता करने में बड़ी हानि उठानी पड़ती है।

(५) बीमारी के कारण वह ऐसा निर्बल हो गया है कि चलने फिरने की शक्ति नहीं।

(६) इस बात शीतला का प्रयुक्त प्रान्त में इतना जोर रहा है कि हज़ारों जान मर गये हैं।

(७) हिन्दुस्तानी स्वास्थ्य की रक्षा करना नहीं जानते।

(८) मैं तो नहीं जानता कि आप कौन हैं।

(९) गाय से हम को बहुत कुछ ही नहीं मिलता है किन्तु बढ़िया बैल होते हैं जो कि हमारी गाड़ियों में चलते हैं।

(१०) यद्यपि यह मास्टर कम योग्यता का आदमी है तथापि उस की पढ़ाई बहुत अच्छी है।

EXERCISE 3

(१) चार्ने के टेने में कम से कम एक सप्ताह लगता।

(२) उचित प्रतीति होता है कि उस को अंग्रेज़ी विद्या पढ़ाई जाय।

(३) आज कल वह बड़ी विपत्ति में है, तुम को चाहिये कि उस की सहायता करो।

(४) उन से पूछो कि वह क्या अपना पाठ याद नहीं करता।

(५) नमस्ते ! आप से तो भेट भी नहीं हुई।

(६) अफ्रीका के बियाबान में यात्रा करते समय सब यात्री इकट्ठे हो कर चलते हैं जिस से वह डाकुओं की लूट मार से बचे रहते हैं।

(७) आप यह खबर सुन कर, कि मेरे डोलियों में से एक मनुष्य बड़ी तंगी में है आज प्रात फौज में ने नकद रुपया उस के पास भेज दिया जिस से वह अपने लिये खाना पीना और कपड़ा खरीद लेवे बड़े प्रसन्न होंगे।

(८) चार वर्ष बीत कि जब मैं युवावस्था में था, मैं युवा और पुष्ट था, कई महीने समुद्र के किनारे रहा।

(४) गर्मी पारे को ऊँचा करती है और पारा चढ़ाता है।

(५) आर्य समाज का वार्षिक जलसा १६ जुलाई सन् १८६६ ई० को हुआ और उस में तमाम संयुक्त प्रान्त के समाजिक पधारे।

(६) बहुधा लाहौर में खून की सनसनी घटना हो जाया करती है। पिछले दिनों में एक बुड्ढी औरत टाट के पुलंदे में लिपटी हुई दरवाज़े पर मरी मिली थी। उस के थोड़े ही देर पीछे एक और किस्सा खून का देखा गया।

(७) लखनऊ का अजायबघर देखने के योग्य है।

(८) बसन्त ऋतु में बागों की सैर करना बहुत भला प्रतीत होता है।

(९) मिस्टर जे० सी० नेसफील्ड, भूत डायरेक्टर आफ पबलिक इन्सट्रक्शन, के हम लोग बड़े ऋणी हैं कि उन्हों ने पढ़ाई की किताबों को क्रम पूर्वक बनाया है और उन के अन्दर सब बात धर्म शिक्षा की है।

(१०) तिजारत से बढ़ कर दुनिया में कोई वस्तु नहीं है, परन्तु शोक है कि पढ़े लिखे हिन्दुस्तानियों की उस की ओर किंचित रुचि नहीं है।

EXERCISE 6

(१) विद्या के साथ बुद्धि का होना बहुत आवश्यक है, नहीं तो विद्या निष्फल होती है। यथा-एक उस्ताद राज कुमार को पढ़ा कर बादशाह के पास ले गया और कहा कि आप का बेटा अब ज्योतिष विद्या में निपुण हो गया है और नहीं तो आप उस की परीक्षा कर लीजिये और मुझ को उस का उपहार दीजिये। उस के कथनानुसार परीक्षा की गई। उक्त बादशाह ने कोई गोल वस्तु अपने हाथ में ले ली और राज कुमार से पूछने लगा कि हे पुत्र! बतला इस में क्या है। राजकुमार ने अपनी विद्या के बल से बतलाया कि आप के हाथ में कोई गोल वस्तु है और उस के बीच में गोल सूराख है। फिर बादशाह ने कहा कि उस का नाम बतलाओ, तो जवाब

आलस्य कहता है अभी उठना बे फायदा है, सोओ और आराम करो। पुरुषार्थ कहता है कि अभी उठ खड़े हो नहीं तो समय बीता जाता है। फिर दोनों अपनी बातों की दलील (हेतु) पेश करते हैं। मैं दोनों के कथन को बड़े ध्यान से सुनता रहता हूं और अभी कुछ फ़ैसला नहीं करने पाता कि फ़ज़्र का समय हो जाता है। उस आदमी ने कहा कि इस का यही मुआमला है जो न कभी उस का फ़ैसला हो और न आप समय पर उठ सकें।

EXERCISE 14

एक ऊंट और गधे की बड़ी दोस्ती थी। संयोग से दोनों को यात्रा करनी पड़ी और उन के मार्ग में एक नदी पड़ी। पहिले ऊंट पानी में घुसा और उस के पेट तक पानी आया तो कहने लगा कि हे मित्र! इधर आओ पानी थोड़ा है। गधा बोला सच है, तेरे पेट तक है, तुझ को थोड़ा मालूम होता है, लेकिन मेरी पीठ तक आवेगा और मैं डूब जाऊंगा। तात्पर्य यह है कि हर एक आदमी हर एक बात को अपनी बुद्धि अनुसार कहता है।

EXERCISE 15

अकबर ने बीरबल से पूछा कि लड़ाई के समय क्या काम आता है। बीरबल ने उत्तर दिया कि साहस। बादशाह ने पूछा कि शस्त्र और बल क्यों नहीं कहता। बीरबल ने कहा कि श्रीमान, यदि साहस न हो, तो शस्त्र और बल क्या काम देंगे।

EXERCISE 16

एक फ़क़ीर ने एक कंजूस से कुछ मांगा। कंजूस ने कहा यदि तू एक बात मेरी माने तो जो कुछ कहेगा सो करूंगा। फ़क़ीर ने पूछा कि क्या बात है। उस ने कहा कि मुझ से कभी कुछ मत मांग, इस के सिवाय जो कुछ कहेगा सो करूंगा।

EXERCISE 17

एक मनुष्य कहीं को पत्र लिखता था। एक अन्य पुरुष उस के पास आ बैठा और उस के पत्र को देखने लगा। तब उस पत्र में लिखा कि बहुत सी भेद की बातें लिखना सो नहीं लिखी गईं,

EXERCISE 21

(१) घोड़ा ज़मीन पर बहुत पाया जाता है परन्तु अरब के घोड़े सब से अच्छे होते हैं। वह अपने मालिक को बहुत प्यार करता है अरब में घोड़ा अपने मालिक के साथ हर तरह का कष्ट उठाता है। जब मालिक जाता है, तो उस का घोड़ा पहरा देता है। यदि कोई आदमी या जानवर पास आता है, तो उसे जगा देता है। अरबी घोड़े बहुत महंगे बिकते हैं और बहुधा सीधे होते हैं।

(२) धन्य ईश्वर! इस मनुष्य की कैसी मधुर वाणी है कि जिस से जी प्रसन्न हो जाता है। सच मुच बोल चाल में लखनऊ वाले बड़े दक्ष हैं।

EXERCISE 22

हे ईश्वर! रेलगाड़ी एक कैसी अद्भुत वस्तु है कि २४ घंटे में दहली से कलकत्ते पहुंच जाती है। पहले ज़माने में जो यात्रा महीनों में पूरी होती थी और सैकड़ों रुपया ख़र्च हो जाता था, वह अब घंटों में होती है और विशेषता यह है कि ख़र्च बहुत थोड़ा पड़ता है और हर तरह का आराम मिलता है। मैं समझता हूं कि इस से तेज़ और आराम देने वाली आज तक कोई दूसरी सवारी नहीं है। शायद पिछले ज़माने में हो तो हो।

EXERCISE 23

किसी अमीर के पास एक बहुत अच्छा बाग था। वह रोज बाग में जाया करता था। एक दिन वह मिट्टी के टुकड़े के पास खड़ा हुआ, तो उस में ख़ुशबू मालूम हुई। उस को अचम्भा हुआ और उस ने माली से उस का कारण पूछा। माली ने उत्तर दिया कि यह गुलाब के पेड़ के नीचे था इस लिये इस टुकड़े से अच्छी सुगंधि आती है। इस से यह सार निकला कि संगति का बड़ा प्रभाव होता है।

EXERCISE 24

कुछ दिन बीते कि बम्बई में एक मनुष्य उम्मेद को मा क

यानपुर से कच आये हैं, म कल रात की गाड़ी में बैठा था और आज पौने चार बजे सुबह को यहां आ गया, घर म तो सब राज़ी खुशी हैं, जी हां, सब पर ईश्वर की दया है, मैं आपको यह शुभ समाचार सुनाता हूं कि बाबू कामताप्रसाद का लड़का ज़िला सीतापुर में अव्वल दर्जे का नायब फ़ौजदार नियत हुआ है, वह एक महीने की छुट्टी पर घर आये थे, आपको राम २ कहते थे, ईश्वर उन की दीर्घ आयु करे, मैं तो अपने मित्रों के लड़कों को ऐसा ही चाहता हूं।

EXERCISE 28

(१) समाचार पत्र नेशनल लिखता है कि महाराजा दरभंगा में बड़ा जाति हित पाया जाता है। वह हमेशा भारत-वासियों का बना हुआ कपड़ा पहिनते हैं, यहां तक कि इन्हीं वस्त्रों से वाइसराय से भेंट करने गये।

(२) ईस्ट इंडिया रेलवे के ट्रैफ़िक मैनेजर ने यह तजवीज़ किया है कि तमाम सवारी गाड़ियों में एक ड्योढ़ा और एक थर्ड क्लास का दर्जा बढ़ाया जावे जिस में सिर्फ़ हिन्दुस्तानी स्त्रियां बैठ सकें। सुनते हैं कि पहिली मार्च से यह क़ायदा जारी हो जायगा।

EXERCISE 29

(१) कलकत्ता यूनिवर्सिटी की सीनेट ने स्त्रियों की परीक्षा के विषय में कुछ नियम बनाये हैं। उन के इम्तहान के लिये एक अलग कमरा रहेगा, जिस में मेम लोग निगरानी करेंगी।

(२) विक्रमादित्य के समय में रूमियों ने लगभग कुल यूरप को अपना आज्ञा पालक बना लिया था। उस समय में कैसर वहां का राजा था। जब उस ने उस देश का विजय कर लिया, जिसे अब फ़्रांस कहते हैं, जो इटली के पश्चिम उत्तर दिशा में है, तब उस को मालूम हुआ कि एक बड़ा टापू जो कि बृटेन कहलाता था अधिकतर उत्तर की ओर है उस

शेर —जरा क्रोध में आपे से बाहर न होने।
तो खू ज़ुल्म खाने न माल अपना मात।

EXERCISE 36

जो आदमी समय पर काम नहीं करता, वह सुस्त या आलसी कहलाता है। ऐसा आदमी मान या यश नहीं पा सकता, यह बुरी आदत उसको सदा दीन हीन रखती है। काहिल आदमी बहुधा यह सोचता है कि अभी समय बहुत है जरा ठहर कर काम आरम्भ करेंगे। इस सोच विचार में कि अभी काम करें या न करें काम का समय बीत जाता है। पुरुषार्थी मनुष्य समय को नहीं टालता है, वह फौरन अपने काम में लग जाता है। जब तक कि काम को पूरा नहीं कर लेता उस के मन को चैन नहीं पड़ता। ऐसा आदमी सदा आदर पाता है और लाभ उठाता है। कभी लज्जित नहीं होता और न उस को काम करने के पीछे शोक करना पड़ता है। जो लड़के सुस्ती और आलस्य में अपना समय खो देते हैं, वह नित्य का पाठ नित्य याद करके नहीं जाते, मास्टर को अच्छी तरह से पाठ नहीं सुनाते, इसी लिये पिटते हैं। यदि तुम एक योग्य विद्यार्थी बनना चाहते हो, तो अपने आपको आलस्य की बुरी लत से बचाओ। प्रातःकाल सवेरे आंख खुल जावे, तो पड़े २ करवट न बदला करो, फौरन बिस्तरे से अलग हो जाओ और अपने काम में जी लगाओ। समय इतना कम नहीं है जितना कि तुम आलस्य से उस को कम कर देते हो।

शेर —वक्त में बेशी कमी दोनों ही हैं जैसे रबड़।
खींचने से बढ़ती है, छोड़े से जाती है सुकड़॥

EXERCISE 37

किसी कंजूस ने अपने मित्र से कहा कि मेरे पास ५ हज़ार रुपये हैं, उनको मैं शहर से बाहर गाड़ना चाहता हूं और सिवाय तेरे किसी को यह भेद न बतलाऊंगा। अतः दोनों शहर के बाहर गये और उस रुपये को एक पेड़ के नीचे गाड़ दिया। कुछ दिन

पश्चात् कंजूस अकेला उस पेड़ के पास गया और वहां पर रुपये को न पाकर उसने अपने दिल में कहा कि सिवाय उस मित्र के कोई न गया था। यदि मैं उस से पूछूं, तो कदापि न बतलावेगा। इस लिये उसके घर गया और उस से कहा कि मुझ को बड़ा धन और मिल गया है और मैं चाहता हूं कि उसको भी वहीं गाड़ दूं, लेकिन हे मित्र! यदि तुम कल आओ तो हम तुम साथ चलें। वह मित्र पहिले धन को और धन मिलने के लालच में वहीं पर गाड़ आया। वह कंजूस दूसरे दिन अकेला गया और अपना धन वहां पाया। फिर उसने कभी किसी मित्र का विश्वास न किया और अपनी बुद्धि को पसंद किया।

EXERCISE 38

कसरत मनुष्य को बड़ी मुफीद है। इस से शरीर आरोग्य रहता है और पुष्ट होता है और रोग कम सताता है। कसरत करनी तो हर मनुष्य को आवश्यक है, परन्तु उन लोगों को और भी जरूरी है जिन का काम बैठने का है, जैसे मुहर्रिर, मास्टर और बनिये, आदि को। इस के लिये उत्तम और पुष्ट भोजन का होना आवश्यक है, नहीं तो शरीर को दुबला पतला कर देती है। कसरत कई प्रकार की होती है, जैसे कोई कुश्ती लड़ते हैं, कोई दंड करते हैं, कोई क्रिकेट खेलते हैं और कोई फुटबॉल खेलते हैं और कई लोग जिमनास्टिक खेलते हैं, कोई कूदते हैं और कोई दौड़ते हैं और इनके अतिरिक्त और भी कई प्रकार के व्यायाम हैं। पिछले जमाने में इसका बड़ा चर्चा था। इस कारण पहिले लोग बड़े पुष्ट हुआ करते थे। इस के विरुद्ध आज कल के आदमी इस के बिलकुल अभ्यासी नहीं हैं और इसी कारण उनमें कम बली होते हैं।

EXERCISE 39

कुछ घोड़ों के सौदागर किसी बादशाह के पास गये और कुछ घोड़े बादशाह को दिखाये। बादशाह ने वह घोड़े बड़े प्रसन्न हो कर खरीद लिये और २ लाख रुपया और पेशगी दे दिया कि मेरे लिये अब के बरस २ और घोड़े लाना। सौदागर लोग चले

गए। एक दिन बादशाह ने अपने एक वज़ीर से कहा कि ऐ वज़ीर हमारे राज्य के मूर्खों की एक सूची बनाओ। वज़ीर ने कहा कि मैंने पहिले ही से तैयार करली है और पहिला नाम आपका ही है। बादशाह ने कहा क्यों? वज़ीर ने उत्तर दिया, कि आपने सौदागरों का बग़ैर जाने पहिचाने ? लाख रुपया पेशगी दे दिया था और यही मूर्खता है। बादशाह ने कहा कि यदि वह सौदागर घोड़ों का ले आवें, तो क्या होगा? वज़ीर ने उत्तर दिया कि यदि वह ले आवेंगे, तो आपका नाम मूर्खों की सूची में से काट दूंगा और उनका आप के स्थान में लिख दूंगा।

EXERCISE 10

हर एक मनुष्य को जीने के लिये भोजन वस्त्र और मकान की ज़रूरत है, परन्तु हर एक मनुष्य सब के सब पेशे व काम नहीं सीख सका, जिन से यह ज़रूरी चीज़ प्राप्त होती हैं। हर एक मनुष्य को लोहार, बढ़ई, किसान, चमार, जुलाहा, दरजी और राज का पेशा करना मुशकिल है, इसी कारण हर एक अपने जी के अनुसार एक पेशा कर लेता है। कोई मनुष्य लोहार का काम करता है, लोहे के औज़ार, शस्त्र और बर्तन बनाता है, कोई वकील है जो क़ानून के अनुसार हाकिमों से न्याय कराता है, कोई वैद्य है जो बीमारियों को पहिचानता है और उनका इलाज करता है। कोई सिपाही है जो शस्त्र बांध के शत्रुओं से लड़ता है। जब कोई आदमी एक ही तरह का काम या पेशा करता है, तो वह धीरे २ बड़ा हुनरवर और प्रवीण बन सकता है और उस के करने की उत्तम रीति निकाल सकता है। कामों के बट जाने से गृहों का बड़ा लाभ पहुंचा है। यदि यह बात न होता, तो कोई पेशा या हुनर उन्नति न करता, किन्तु हर एक काम बुरा और देर में होता।

EXERCISE 11

(१) निन्दा करना बड़ा दोष है। कभी २ उस से बड़ा झगड़ा बखेड़ा हो जाता है, वृथा लोगों को रंज तकलीफ़ और नुक़सान होता है। जब निन्दक (चुग़ल खोर) की कलई खुल

जाती है, तो उस को बड़ी लज्जा उठानी पड़ती है। निन्दा यही नहीं कि एक की बात दूसरे से जा लगाई, किन्तु मनुष्य का ऐसा काम जिसके प्रगट करने से उसके दिल को चोट पहुंचे, तो प्रगट करना भी निन्दा करना है। निन्दा केवल वाणी ही से नहीं होती, हाथ या नेत्र के इशारे और झिलने से भी हो सकती है।

(२) चोर की चोरी, धोके बाज की धोके बाज़ी को प्रगट करना निन्दा में दाखिल नहीं है। ऐसी बातों का प्रकाशित करना अवश्य श्रेष्ठ है, क्योंकि उनके छिपाने से लोगों को हानि होती है।

(३) निन्दक की बात पर कभी विश्वास न लाओ। उस के कहने से किसी की ओर से मन न बिगाड़ो। निन्दा करने वाले से सदा घृणा करो। तुम्हारे सामने कोई निन्दा करे, तो मत करो और उनको नम्रता से कहो कि यह बात बहुत बुरी है।

(४) अगर तुम जानते हो कि फलां मनुष्य निन्दक है, तो उसका ऐब और लोगों के सामने प्रगट न करो। यदि तुम ऐसा करोगे, तो उसकी तरह तुम भी निन्दक बन जाओगे।

EXERCISE 42

मैं नमस्ते करता हूं, अब क्या बजा है, अब सात बजे हैं, मेरी घड़ी के अनुसार सात बजे हैं, परन्तु यथार्थ में आठ का समय है, आठ बजने में पाव घंटे की देरी है, ६ बजने में ५ मिनट हैं, ६ बज कर १० मिनट हुये हैं, मुझे यहां आये हुये १ घंटे के लग भग हुआ, तुम कब वापिस आओगे, आध घंटे के भीतर, मैं नित्य सूर्योदय से पहिले उठ बैठता हूं, मैं आप से दिन निकले मिलूंगा, किसी समय दो पहर से पहिले आइये या दो पहर के लग भग आइये, परन्तु ३ बजे या लगभग न आइये और मैंने उस को परसों ही तो देखा था। छुट्टी परसों से आरम्भ हो गई, मैं आज के दिन १ सप्ताह के पश्चात् आने की आशा करता हूं, हम को दो सप्ताह की छुट्टी मिली है, हम आधी रात को आयेंगे।

EXERCISE 43

यह बहुत महंगी है, मैं इस के ६ आने दूंगा, कम से कम तुम उस का क्या लोगे, मैं इस से कम नहीं दे सकता हूं, यही ठीक मूल्य है। क्या तुम मुझ को एक रुपये के पैसे दे सकते हो? यह कितना हुआ। मुझे तुमको क्या देना है। तुम्हारे पास किसी प्रकार का बारीक कपड़ा है, मुझे उस का नमूना दिखलाइये, यह बहुत मोटा है, क्या तुम रूमाल बेचते हो, क्या तुम मुझको चाकू दिखलाओगे, यह पगड़ी तुम को कितने में पड़ी, मैं ने उस के ३ रुपये १४ आने दिये हैं, मैं ने छड़ी का एक रुपया दिया है, इस जूते के जोड़े की २ रुपये कीमत है, कागज और कलम खरीद लाओ।

EXERCISE 44

गंगाशरण—आज आप कैसे हैं।

श्यामाचरण—बहुत अच्छा हूं, आपका धन्यवाद देता हूं, लेकिन भीमा चरण अच्छा नहीं है।

गंगा—मुझको इस के सुनने से बड़ा शोक हुआ। कहिये तो उसका क्या हाल है।

श्यामा—उस को बुखार आ गया है।

गंगा—मैं आशा करता हूं कि उन को बहुत जल्द सेहत हो जायगी।

श्यामा—मुझको भी ऐसी ही आशा है।

गंगा—क्या तुम मदरसे जाते हो।

श्यामा—गुरु को छुट्टी मिल गई है, इस लिये मैं स्कूल को न जाऊंगा।

EXERCISE 45

मोहन—तुम्हारा स्वास्थ्य आज कैसा है।

सोहन—ज़रा सी हरारत आ गई है।

मोहन—अब के तुम्हारे मदरसे से मिडिल में कितने लड़के पास हुए हैं।

सोहन—जनाब २० लड़के इम्तहान में गये थे, उन में से १८ पास हुए हैं।

मोहन—तुम्हारे यहा का नतीजा बहुत अच्छा रहा है, कहीं २ मदर्सों में ५ सैकड़ा और कहीं १० सैकड़ा पास हुए हैं।

सोहन—क्या तुम भी इम्तहान मे पास हुए या नहीं।

मोहन—जनाब नहीं।

सोहन—खैर कुछ अंदेशा नहीं अब, के फिर इम्तिहान देना, ईश्वर की कृपा से पास हो जाओगे।

EXERCISE 46

वकील—देखो तो रसोई तयार है? कचहरी का समय समीप आ गया।

नौकर—हां लालाजी साहब तयार है, चलिये हाथ धो लीजिये और आसन पर बैठिये।

वकील—अरे जल्दी चलो, हाथ धुलाओ और तौलिया भी लेते आना।

नौकर—बहुत अच्छा साहब अभी आता हूं, तौलिया आप के कमरे मे रक्खी है।

वकील—गंगाचरण, मोहन से कह दो कि गाड़ी निकाले और देर न करे।

नौकर—जी वह गाड़ी तो निकालता है, इतने मे आप कपड़े तो पहिन लीजिये।

वकील—अरे मैने कपड़े तो पहिन लिये गाड़ी निकाली कि नहीं?

नौकर—साहब गाड़ी तो निकल आई, अब घोड़ा जुत रहा है।

वकील—अरे कुछ खाना ले कर के कचहरी में बारह बजे आना और उस के साथ ताज़े फल भी लाना।

नौकर—बहुत अच्छा, जो हुक्म।

EXERCISE 47

मवक्किल—लाला जी साहब राम २, मिजाज़ तो अच्छा है।

वकील—ठाकुर साहब, तुम अच्छी तरह हो ? कहो इसे तक लीफ़ की ।

मवक्किल—हम तो आप ही के पास आये हैं ।

वकील—अरे नन्दा, ठाकुर साहब के लिये पान लाना । कहिये ठाकुर साहब क्या कोई मुक़द्दमा है ।

मवक्किल—हां एक मुक़द्दमा है, मैं ने सुना है कि आप के बराबर इस नगर में कोई वकील नहीं है और हर एक मवक्किल आप से प्रसन्न हो कर जाता है, आप मुक़द्दमा कभी नहीं हारते ।

वकील—वतलाइये कैसा मुक़द्दमा है ।

मवक्किल—मुक़द्दमा यह है कि मेरी नावालिगी (वचपन) के समय में मेरे पिता के मर जाने पर वड़े भाई साहब के लिये कुल रियासत वे कर दी थी और हमारी यह हालत है कि खाने तक का मुहताज हैं और अब सुना है कि ऐसा कोई क़ानून बना है कि जिस से कुछ हिस्सा हम को भी मिल सकता है ।

वकील—हां मिल तो सकता है, मगर रुपया कम से कम पांच सौ खर्च होगा ।

मवक्किल—पांच सौ नहीं साहब हजार खर्च करने के लिये तैयार हूं, लेकिन हिस्सा मिल जावे ।

वकील—अवश्य मिल जावेगा, तुम महनताना तो दाखिल करो ।

मवक्किल—महनताना क्या दाखिल करूं ।

वकील—पहिले सौ रुपया तो दाखिल कर दो ।

मवक्किल—बहुत अच्छा दूंगा ।

तीन महीने तक मुक़द्दमा चलता रहा और नतीजा (परिणाम) यह हुआ कि उसको हिस्सा मिल गया जिस में उसको हजार रुपये साल की निकासी थी । वकील साहब ने चिट्ठी लिखी तुम

मुकद्दमा जीत गये। मनचित १००) रु० शुकराना लेकर आया और उस दिनसे जायदाद पर मालिक होगया।

EXERCISE 48

सिकन्दर—क्या तू वही पेरिस का डाकू है जिसकी वीरता का मैं ने इतना शोर सुना है।

डाकू—हां मैं पेरिस का रहने वाला सिपाही हूं।

सिकन्दर—सिपाही नहीं किन्तु चोर, लुटेरा, दुराचारी और आघात करने वाला है। मैं तेरी वीरता की प्रशंसा कर सकता हूं, किन्तु तेरे अपराधों से घृणा करता हूं और तुझको उन का दण्ड दूंगा।

डाकू—मैं ने कौनसी अनुचित बात की है?

सिकन्दर—क्या तू ने मेरी आज्ञाओं का भंग नहीं किया, प्रजा के अमन चैन को नष्ट नहीं किया और तू ने अपना जीवन प्रजा के जान माल की हानि करने में नहीं बिताया?

डाकू—हे बादशाह! मैं इस समय आपका बन्दी हूं, जो कुछ आप कहेंगे मैं अवश्य सुनूंगा और जो दण्ड दीजियेगा सहन करूंगा, परन्तु मेरी आत्मा स्वतन्त्र है, यदि मैं आपके कहने सुनने का उत्तर दूं, तो स्वतन्त्र मनुष्यों की तरह दूंगा।

सिकन्दर—कहो, स्वतन्त्रता से कहो, मैं इतना नीच नहीं हूं कि जिन से बातचीत करूं उनको चुप करने में राज्य अधिकार को बर्तूं।

डाकू—अब तुम्हारे प्रश्न का उत्तर तुम से ही एक प्रश्न करके दूंगा, तुम ने अपना जीवन किस प्रकार बिताया है?

सिकन्दर—शूरवीर की तरह, लोगों से पूछो तो तुमको पता लग जावेगा। मैं वीरों में सब से अधिक वीर हूं और बादशाहों में सब से बड़ा समझा गया हूं।

डाकू—क्या सब लोग मेरे विषय में ऐसा नहीं कहते, क्या मुझसे अधिक वीर कोई सेनापति हुआ है, जिसकी सेना में ऐसे

वीर योधा हो क्या कमी हुआ है, परन्तु अपनी डींग मारने से मुझे घृणा है और यह तो तुम निश्चय जानते हो कि मैं किसी मनुष्य से नहीं हार सकता।

सिकन्दर—तथापि विजयी मैदान डाकू के लिया और क्या हुआ।

डाकू—और विजयी क्या होता है, क्या तुम दुनिया मे अन्धकार की तरह मिहनत और शांति के पुष्पों को बरबाद करते हुए, मुल्कों का नाश करते हुए, मनुष्यों का लोहू बहाते हुए, मुल्क जीतने की तृप्त न होने वाली इच्छा को पूर्ण करते हुए, नहीं फिरते रहे हो? जो कुछ मैं ने सौ आदमियों को साथ ले कर एक नगर के साथ किया है, वह तुमने लाखों आदमियों को साथ लेकर एक देश व जाति के साथ किया है। यदि मैंने व्यक्तियों को लूटा है, तो तुमने देश के देश बरबाद कर दिये हैं। यदि मैंने थोड़े से गांव जलाये हैं तो तुमने बड़े फलते फूलते राज्यों का नाश किया है। मुझ में और तुम में क्या अन्तर है? केवल इतना ही कि तुम राज्य घराने मे उत्पन्न हुए हो और मैं एक मामूली आदमी के घर। इस लिये तुम मुझसे बढ़ कर डाकू होने के योग्य हो, क्या तुम नहीं हो!

सिकन्दर—यदि मैं ने बादशाहों की तरह लिया है, तो बादशाहों की तरह दिया भी है। मैं ने राज्य के राज्य विजय किये और बहुत से देश बसाये हैं। मैंने हुनर, तिजारत, विद्या और विज्ञान की उन्नति दी है।

डाकू—मैं ने भी जो अमीरों से लिया है, वह दिल खोल कर फकीरों को दिया है। मैं ने घोर भयंकर मनुष्यों के बीच अमन चैन स्थिर किया है, दीन दुखियों की रक्षा की है। सच तो यह है कि मैं ज्ञान उपदेश की बातें तो नहीं करना जानता, परन्तु मुझको निश्चय है कि मैं और तुम दोनों इस हानि का, जो हम से संसार को पहुंचती है, बदला नहीं चुका सकते।

सिकन्दर—बस रहने दो इस की बेड़ियाँ उतार लो और इस के साथ अच्छा बर्ताव करो। क्या हम और यह इस प्रकार एक नहीं, सिकन्दर और डाकू में क्या अन्तर है, मैं इस पर विचार करूँगा!

EXERCISE 19

वास्तव में ईश्वर ही सब का पैदा करने वाला, पालन पोषण करने वाला और रक्षक है, परन्तु संसार में उस ने माता पिता को सन्तान के जन्म का कारण और उन की रक्षा का हेतु बनाया है। उस सर्वशक्तिमान ने उन के मन में एक ऐसी शक्ति उत्पन्न करदी है कि जिस के वश यह उस की सेवा में तन, मन से लगे रहते हैं। वह शक्ति क्या है जो उस के गाढ़े प्रेम की परछाईं है जो परमेश्वर को अपनी प्रजा के साथ है उसी का ही यह कारण है कि माता पिता अपने सन्तान से इतना मोह करते हैं कि उस के आराम को अपने आराम से अधिक समझते हैं। जब बालक खा पी कर बड़ा और बलवान होता है उस समय तक वे उन के लिये सारी सामिग्री इकट्ठी करते हैं और माता उस के लिये क्या २ कष्ट सहती है, अपने तन मन का जोर लगा कर उस का (गर्भ में) पालती है, बाप किस घोर परिश्रम से कमाये हुये धन को उस पर न्योछावर करता है, उस को शिक्षा और शिक्षा देने में अपनी मिहनत और धन को व्यय करने में नहीं चुराता, उस को अपने आप से बढ़ कर बनाना चाहता है, धन और माल को जोड़ता है जो कि उस के मरने के पीछे उस के बाल बच्चों के काम आवे। जब मृत्यु का भय उस के मन में आता है, तो यह बात उस के मन को प्रसन्न करती है कि मेरा पुत्र मेरे मरने के पीछे मेरा चिह्न कहलावेगा। जब मैं न हूंगा, तो यह दुनिया को मेरी याद दिलावेगा अर्थात् सन्तान का होना मनुष्य के लिये एक ऐसा धन है कि जिस के समान संसार में कोई वस्तु नहीं है। इस लिये वही सन्तान सुपुत्र है, जो अपने माता पिता का आदर करते हैं, शरीर और वाणी से, तन मन से,

था आज से माता पिता की सेवा करते हैं, उन की आज्ञा पालन और टहल सेवा को ईश्वर परमात्मा की भक्ति समझते हैं। और माता पिता से प्रेम रखना और उन का मान सत्कार यथाशक्ति करना वास्तव में ईश्वर भक्ति के तुल्य है। इस लिये कहा गया है कि माता पिता की आज्ञा पालन, जो कि धर्म विरुद्ध न हो, ईश्वर की आज्ञा पालन है।

EXERCISE 50

एक बादशाह ने किसी ज्योतिषी से पूछा कि मैं कितने दिन और जीऊंगा। उस ने उत्तर दिया कि आप दस वर्ष से अधिक नहीं जी सकते। इस बात से वह मन में बहुत घबराया और बीमार पड़ गया, परन्तु वज़ीर बड़ा बुद्धिमान था। उस ने ज्योतिषी को बादशाह के सन्मुख बुलाया और पूछा कि हे ज्योतिषी! तू कितने दिन और जीयेगा। ज्योतिषी ने उत्तर दिया कि मेरी शेष आयु बीस वर्ष से अधिक नहीं है। इस बात को सुन कर के वज़ीर ने अपनी तलवार उठाई और बादशाह के सामने उस को मार डाला। बादशाह वज़ीर की होश्यारी पर बड़ा प्रसन्न हुआ और फिर कभी ज्योतिषियों पर विश्वास न किया।

EXERCISE 51

किसी मनुष्य ने एक रात को स्वप्न देखा कि मैं फरिश्ते से मिला और मैं ने उस के मुंह पर तमाचा मारा और उस की डाढ़ी को पकड़ लिया और उस को मनुष्यों का पकड़ाने वाला कहा। जब कि उस ने दूसरा तमाचा मारा, तो अपनी नींद से चौंक पड़ा और मालूम किया कि मैं अपनी डाढ़ी को अपने हाथ में पकड़ रहा हूं और दूसरे हाथ से अपने मुंह पर तमाचा मार रहा हूं।

EXERCISE 52

किसी जगह कोई भोली भाली और एक सुन्दर धेडाला नाम की कुमारी थी और उस की यह अन्तरीय इच्छा थी कि मेरा पति भारतवर्ष भर में सुन्दरता और धन में सब से अधिक

EXERCISE 57

जब कि खोद कर देखा गया, तो लाश थी। इसी प्रकार बदरिया के बतलाने से दूसरी जगह से आभूषण निकाले। यह लाश और आभूषण उसी जगह पाये गये, जहां हत्यारा रहता था। सब गांव के निवासी तमाशा देखने गये, उन में हत्यारा भी था। बदरिया ने उस को शीघ्र पहिचान लिया, दौड़ कर उस का पल्ला पकड़ लिया और चिल्लाई, और फिर अपनी छाती और सिर को पीटा, फिर साहब की तरफ़ दौड़ी, और उन को हत्यारे की तरफ पकड़ कर ले जाने लगी। इन दोनों के कारण साहब ने उसी मनुष्य को बुलाया और उस को देखा तो उस के शरीर पर कई खुरसटों के चिन्ह थे, जिस से ज्ञात होता था कि मदारी और बदरिया के लड़ने से घायल हुआ है। अब यह तमाशा मुकद्दमा पुलिस की जांच में है और लगभग चालान होने वाला है। बद-रिया गवाह बनाई जायेगी और साहब सुपरेनटेंडेन्ट बहादुर अनुवादक का काम देंगे, जिन्होंने उस के संकेतों से मुकद्दमा पूरा किया है।

EXERCISE 58

मिस्टर ए एच सिडनी सन् १८३६ ई० में उत्पन्न हुये थे और सन् १८६६ ईस्वी में देव लोक हो गये। यह एक अच्छे घराने के पुत्र थे और उनका पिता एक बुद्धिमान् मनुष्य था, जो कि हाउस औफ़ कामन्स का एक सभासद था। उन्होंने केम्ब्रिज यूनी वर्सिटी का एम ए उत्तीर्ण किया। १२० विद्यार्थी थे और उन में यह प्रथम आये थे। चुनांचि उस वर्ष की परीक्षा थी ए. में संख्या छात्र गणों की १२० थी। यह बहुत बुद्धिमान् और परिश्रमी थे। इस के पीछे उन्होंने विकालत की परीक्षा भी बड़ी योग्यता के साथ उत्तीर्ण की और अपने पेशे में अन्तिम समय तक अधिक नाम पाया और १० वर्ष के पेशे विकालत में २ लाख रुपया एकत्र किया।

LXERCISE 59

नगर अहमदाबाद में ५ दिसम्बर सन् १८८६ ई० में एक अचम्भित घटना हुई। एक बाग में आन कर एक साधु ठहरा, और उसने अपने आप को जताने के लिये लगभग एक सप्ताह भोजन न किया, और कई मनुष्यों को, जो उस के निकट चिलम पीने के लिये गये थे, अशर्फी तम्बाकू में रक्खी मिली और उस ने एक सप्ताह में पांच या सात अशर्फी उस बाग के रक्षक को देदीं, और कहा कि किसी से मत कहना कि हमारे बाग में एक बुद्धिमान रसायन जातक साधु ठहरा हुआ है। उस रक्षक ने इस बात को अपने बाग के स्वामी से कह दी। उस बाग का स्वामी एक बड़ा व्यौपारी मनुष्य था। यद्यपि जितना धनाढ्य होता है उतनी ही रुपये की इच्छा होती है, वह स्वामी बाग को गया, साधु से मिलाप किया और चूंकि व्यौपारी तम्बाकू को पीता था, उसने चिलम पीकर पलटी, तो उस को एक अशर्फी मिली। उस पर उस व्यौपारी ने साधु से कहा कि महाराज चिलम में अशर्फी मिली है। जिस पर साधू ने उस व्यौपारी से बहुत बुरा भला कहा कि इसे रख ले और उस से प्रगट किया कि मैं पूरा साधू हूं।

LXFRCISI 60

इस से उस व्यौपारी को विश्वास हुआ कि यह वास्तव में पहुंचा हुआ है और व्यौपारी ने विनय की कि मैं तो बड़ा गृहस्थी हूं, अगर मुझ को कुछ मिल जावे, तो मैं आप का याद किया करूंगा। साधू ने जवाब दिया कि बच्चा बिना जामन के तो दही भी नहीं जमता। बाबा क्या चाहिये। साधु ने कहा कि अगर तू १० सेर सुवर्ण ले आवे, तो मन भर सोना हो जावे। वह व्यौपारी घर गया और उसने दो सेर सुवर्ण गृह से और चार सेर मनुष्यों से उधार लाया, छै सेर सोना लेकर आया, साधु जी साहब ने कहा कि तुम अपने पास रक्खो और कहा कि हम माली से लगभग २ मन कंडे मंगवालो। इस माली से कह दो कि यहां से

चला जाये। व्योपारी ने इन बातों को स्वीकार किया। जब भट्टा तैय्यार हो गया, तब बाबाजी ने वह चार सेर सोना उस आग मे रख दिया और थोड़ी देर बाद कुछ बहाना कर के उस को निकाल लिया और व्योपारी से कहा कि मैं बूटी खोजता हूँ, तुम आग को देखते रहना कि बुझ न जाये। बाबाजी कुछ चलकर दूरी पर बूटी खोजते २ चले गये, यहा तक हुआ कि घंटे भर तैर हाज़िर रहे और वहां से चल दिये। उस व्योपारी की बाबा २ ही करते २ वहीं सांस टंडी हो गई।

EXERCISE 61

आज कल सब हिंदुस्तान के बड़े २ नगरों में पानी के नल लगा दिये गये हैं। जिस से नगर निवासियो को अधिक सुख प्राप्त होता है। प्रथम बार केवल कलकत्ते में नल लगाये गये थे, परन्तु जब और नगर के निवासियों ने इस बात की विनय की तो चन्दा लेने पर वहाँ नल लगाये जाने पर पानी मिला। प्रत्येक प्रकार मे चाहे जितना पानी मिल सकता है। अगर कोई मनुष्य चाहे तो पानी दो मंजिला पर पहुंच सक्ता है।

EXERCISE 62

टौंक के दूत से ज्ञात हुआ कि वहा वर्षा हो रही है। ब्यास नदी बाढ़ पर है। ३० जून सन् १८९६ ईस्वी को ११ मनुष्य नदी में एक टीले पर क्रिकेट खेल रहे थे कि अचानक टीले पर पानी आ गया, और सब नदी में गिर पड़े और एक मनुष्य दूर जा कर निकला और शेषों का कोई चिन्ह नहीं है।

हिन्दुस्तान के बेकार मनुष्य आस्ट्रेलिया और अफ्रीका में नौकरी को जाने लगे हैं।

लखनऊ में भूचाल आया, आलम बाग के अधिक घरों और मीनार को हानि हुई।

CHAPTER II.

EXERCISE 1

To succeed उत्तीर्ण होना, To consider विचारना, Dead मुर्दा, Certainly ठीक, Russians रूसी, Turks तुर्क, Fierce बेढब, Is going on हो रही है, Result फल, नतीजा, To suffer सहना, Famine अकाल, To cause पैदा करना, Possibly जैसा कि चाहिये, Youth जवानी, To utter कहना, To draw the sword तलवार खींचना, To behead, to cut off one's head सर काटना, Extremely, Highly, निहायत, Examinees परीक्षा देने वाले।

EXERCISE 2

Diligent महनती, Clever होश्यार, बुद्धिमान्, Even handed असहायक, Justice न्याय, Head सरताज, शिरोमणि, To be considered गणना होना, To acquire प्राप्त करना, While इस के विरुद्ध, To associate मित्रता रखना, Strength बल, Small pox शीतला, Prevalence शक्ति, Souls आत्मा, जीव, To die नष्ट होना, Indian भारतवर्षीय, To observe नियत रखना, Bullock वृषभ, बैल, Of shallow knowledge बे लियाक़त, Mode of teaching शिक्षा प्रणाली, To hand over, To make over देना।

EXERCISE 3

At least कम से कम, न्यून से न्यून, Proper उचित, Misery दुख, Together एकत्र होकर, Company झुंड, समूह, To set out गमन होना, Neighbour पड़ोसी, Cash असल मूल्य, नक़द, To live upon जीवन व्यतीत करना, Management प्रबंध, Of high talents अधिक बुद्धिमान, Learning संचित हो कर, Of good family घर वाला, कुलीन, In narrow circumstances [illegible]

EXERCISE 4

Destruction नाश, Shortly after कुछ समय पश्चात्, Probable आवश्यक, Progress उन्नति, Good यश, सामग्री, To intend, to be prepared तत्पर होना, Ideal असार, To depart from गमन करना, कूच करना, Accordingly अनुसार, To fall a pray to death मृत्यु प्राप्त होना, Disappointment निराशा, Filthy मलीन, Mosquitoes मच्छर, Custom रिवाज, रीति, To introduce प्रचलित करना, Coffee कहवा, Neighbourhood पड़ोस, निकट घर, To pay a visit भेंटना, मिलना, Poverty निर्धनता, Astrologers ज्योतिशी, Magicians जादूगर, To respect आदर करना, To detect ज्ञात करना, Fireworks आतिशबाज़ी, To be played चलाये जाना ।

EXERCISE 5

Abundantly अधिकता से, To lament for पछताना, Humility दीनता, नर्मी, Pride घमंड, To increase ऊंचा करना, To decrease घटाना, न्यून करना, Anniversary वार्षिक उत्सव, सालाना जलसा, To join सम्मिलित होना, Singular, strange अद्वितीय Occurrence घटना, Wrapped लपेटे हुए, To come to pass देखा जाना, Museum अजायब खाना, Worth visiting देखने के योग्य, Amusing भला, Series सिलसिला, To arrange क्रम पूर्वक बनाना, Morals धर्म शिक्षा, Trade व्योपार, Alas शोक, Unfortunate भाग्यहीन, Educated शिक्षित, At all किंचित, To pay heed to ध्यान देना, रुचि करना ।

EXERCISE 6

Use बर्तना, Wisdom बुद्धि, Necessary आवश्यक, Otherwise नहीं तो, To prove useless निष्फल होना,

For instance यथा, उदाहरण के लिये, Tutor शिक्षक, After the completion of his teaching शिक्षा देने के पश्चात्, Astrology ज्योतिश, Accomplished निपुण, Reward उपहार, To confer देना, Accordingly कथनानुसार, To examine परीक्षा करना, Said उक्त, To turn to सन्मुख होना, Let me know बतलाना, Prince राजकुमार, To bring to perfection पद तक पहुचना, Sense सारांश, Turns upside down कुछ का कुछ हो जाना, Above mentioned उक्त लिखित, The stone of the mill चक्की का पाट।

EXERCISE 7

To arrive at पहुचना, The middle of March मध्य मार्च, Prime minister मन्त्री, Sympathetical हितैषी, For this reason, consequently इस निमित्त, Probably कदाचित, To reach पहुचना, Intimate सूचित करना।

EXERCISE 8

One upon a time एक बार, To take fire जलना, प्रज्वलित होना, To warm oneself तापना, Jester मसखरा, Well done क्या खब, God for our protection हे ईश्वर! Every being प्रत्येक मनुष्य, Is uneasy दुखी है, The 10th of Moharrum मुहर्रम के दसवें दिन, मुहर्रम की १०ता०, To be celebrated peacefully शांति पूर्वक, Dispute झगड़ा, To arise होना, To be contented with सतोषी होना, Subject प्रजा।

EXERCISE 9

Secret गुप्त, To state वर्णन करना, To be reconciled to प्रसन्न होना, To be settled or to be decided निश्चय होना, No doubt निसन्देह, Union मेल, Dis union अमेल, Mismanagements अप्रबंधता, खराबियाँ,

Terrible भयकर Inhabitants निवासी, To be proud of गर्व होना, Destruction आपत्ति, To perch, to alight बैठना, To be troubled दु खी होना, Courtier सभासद, मत्री, To create पैदा करना, The proud, self conceit घमड, To keep silence चुप होना, Profligacy व्यभिचार, Intoxication नशा, मद्य, Brain बुद्धि, To spoil नष्ट करना, Disease रोगी, Irremedial असाध्य, To cause पैदा होना, कारण होना।

EXERCISE 10

Bravery वीरता, Street मुहल्ला, Noble कुलीन, Notorious प्रसिद्ध, To capture पकड़ना To receive पाना, खाना, Seven blows of knife चाकू की सात चोटें, To let one loose छोड़ना, To continue प्रचलित करना, To drag घसीटना, Yard आगन, Cruelly निर्दयता से, To fail कुछ न बनना, It is singular प्रशसा यह है, Assistance सहायता, To expect, to anticipate विश्वास करना, At length निदान, Neighbours समीपवर्ती पड़ोसी, To assemble get together, to collect एकत्र होना, To arrest पकड़ना, To confer on देना, Reward पारितोषक, To be encouraged जी बढ़ाना, Government सर्कार, To be glad on प्रसन्न होना, Subject प्रजा, Patronage, due regard मान, प्रतिष्ठा।

EXERCISE 11

Widow विधवा, In order that इस अभिप्राय से, Interest व्याज, Respectable कुलीन, प्रतिष्ठित, To be educated शिक्षा देना, Poverty, निर्धनता, कगाली, Are obliged to read शिक्षा नहीं पा सकते, To intend विचार करना, साहस करना, To hold off रोकना।

EXLRCISE 12

Lnropean साहब, अंग्रेज, Whelp शेर का बच्चा, One day it came to pass एक दिवस की बात है, To tame पालना, Kitten बिल्ली का बच्चा, To hang लटकना, Bedstead पलंग, To lick चाटना, Affectionately प्यार से, प्रेम से, To bleed खून बहना, To draw हटाना, Bloodthirsty रक्त का प्यासा, खून का प्यासा, Taste स्वाद, To growl गुराना Pistol पिस्तोल, To shoot dead मार डालना

EXERCISE 13

Lazy fellow आलसी मनुष्य, So late इतने दिन चढ़े तक, Serious भारी बहुत, Decision फैसला, न्याय, To be engaged प्रवत होना, Idleness आलस, Cleverness बुद्धि पुरुषार्थ, At once शीघ्र, To pass बीतना, व्यतीत होना, To produce arguments of their words अपने २ वाक्य की दलील पेश करना, Statements वाक्य, To listen to ध्यान से श्रवण करना Breakfast कलेवा To approach आ जाना, To decide न्याय करना, To get up उठना, To be over हो जाना।

EXERCISE 11

Intimate बड़े, Friendship मित्रता, To have प्रवेश करना, ठहरना To travel यात्रा करना, During the journey यात्रा में, To come मिलना, भेटना, To enter प्रविष्ट होना, प्रवेश करना, To tell in his bray रासभवाणी, गधे की बोली, Stomach पेट To be drowned डूब जाना, Result फल, According to his position अपनी बुद्धि अनुसार, To relate वर्णन करना।

EXERCISL 15

Your Majesty श्रीमान् Courage साहस, Weapons शस्त्र, Strength बल, शक्ति, To loose the courage साहस त्याग देना Of what use व्यर्थ।

EXERCISE 16

Beggar भिक्षुक, Miser कंजूस, कृपणी To ask for प्रश्न करना, To accept स्वीकार करना Word वाणी बात, To put a question to प्रश्न करना ।

EXERCISE 17

Strange अन्य, अद्भुत Secret things गुप्त बात, At all बिल्कुल Writer लेखक, Well स्वर वस्तु To come to know ज्ञात करना, To be ashamed at लज्जित होना, To keep quite सांस न मानना To any place किसी स्थान को, To answer or to reply उत्तर देना ।

EXERCISE 18

To appear दृष्टि आना To break फटना, Sunshine धूप, The east wind पूर्वी वायु, To blow लहकना चलना, Collection समूह घटा, To grow dark अन्धकार होना, To stand छाना, एकत्र होना, To rain बरसना, With sound शब्द युक्त, झम झम, To rain very heavily अति वृष्टि होना Shower बौछार, To wave लहलहाना गति करना, Verdure हरियाली, Festival त्योहार, Enjoyment आनन्द बहार, Fair मेला, To be celebrated होना, अच्छा होना ।

EXERCISE 19

Creed मत, Tribe कुनबा, नस्ल, Followers मानने वाले, Temple मंदिर, Worship पूजा करना To place पधारना, स्थापित करना, To take place होना, Procession डोला, With great pomp and splendour बड़ी धूम धाम से प्रतिष्ठा से, To make, circulate प्रसिद्ध करना, To remain idle खाली रहना अकार्य रहना, Occupation पेशा,

कार्य, Dying रोना, झापना, To kill any creature हत्या करना, घाग जता, In order कारण से, To prevent रोकना।

EXERCISE 20

Mausoleum रोज़ा, Matchless अद्वितीय, To have erected बनवाना, Probably अनुमान से, To be spent on व्यय होना, To engage तत्पर करना, Workmen कारीगार, As किन्तु, It is said यह प्रसिद्ध है, यह कहा जाता है, Tradition प्रसिद्धता, Among मध्य, To make the example अनुकरण करना, To get the hands cut off हाथ कटवा लेना, Building भवन, Consequently अतएव।

EXERCISE 21

To be found पाया जाना, प्राप्त हुआ, Most excellent सब से अच्छा, Master स्वामी, To partake of every sort of trouble साथ हर प्रकार का कष्ट उठाना, To watch over पहरा देना, To approach निकट आना, To wake जगाना, To sell विक्रय होना, बिकना, Dear महगा, Simple भूले, Praise to God धन्य ईश्वर, Man of sweet speech मधुर वाणी मनुष्य, No doubt नि सन्देह, Fluency शुद्धता, Eloquence दक्ष, The inhabitants of Lucknow लखनऊ निवासी, To share भाग लेना, Exercise अभ्यास।

EXERCISE 22

God high है ईश्वर, Train रेलगाड़ी, वाष्पयान, What a strange thing कैसी अद्भुत वस्तु, During मध्य, In the former time पूर्व समय में, To travel यात्रा करना, Journey यात्रा, Hundreds of Rupees कई शत रुपया, It is strange अचम्भा है Convenience and comfort सुख, आराम, To obtain प्राप्त करना, Conveyance सवारी।

EXERCISE 23

Amer अमीर, Was used जाया करता था, A piece

of land ज़मीन का एक टुकड़ा, Scent सुगन्ध, To feel surprised अचम्भित होना, Gardener माली, Reason कारण, For this reason इस निमित्त, To mean अर्थ निकालना, Company संगति, Effect प्रभाव, To give out निकालना।

EXERCISE 24

By name, named नामी, Treatment चिकित्सा, To be ill of, to be caught रोग प्रसित होना, Paralysis लकुवा, Celebrated प्रसिद्ध, Amulet तावीज़, Incantation or charm अत्र मत्र, Family members घर के मनुष्य, Pretence बहाना, धोखा, To busy तत्पर होना, Vacant खाली, निर्जन, सूना, With लेकर, Ornament गहने, आभूषण, Furniture असवाब, To go away गमन करना, In search of खोज में।

EXERCISE 25

Attend उपस्थित होना, Therefore इस निमित्त, Absence गैर हाज़िरी, To excuse क्षमा करना, Headache मस्तक दर्द, Physician हकीम To have the hair cut बाल कटवाना To lend ऋण देना, To select छांटना, समग्रह करना, Dying रंगना, To carry on करना Occupation कार्य, Painting लकड़ी रंगना, To dye रंगना।

EXERCISE 26

Highly बड़ा, Learned विद्वान Thus, as इस प्रकार, Follows आगे, Qualities मजाह की बातें, Meanness कमीनापन, To exhibit प्रत्यक्ष करना, प्रगट करना, Terrible भयंकर, Fearful भयावनी, Smell गंध, Impure अपवित्र, Touch स्पर्श करना, But it is strange परन्तु तमाशा यह है, अचम्भा यह है, Profit लाभ, Covering ओढ़नी, To make its skin into shoes उस की खाल का जूता बनाना।

EXERCISE 27

How do you do राम राम कुशल क्षेम है, To thank धन्यवाद देना, To arrive at पहुंचना, All thank God सब पर ईश्वर की दया है, To let you know सुनाना, A good news शुभ समाचार, To be appointed नियत होना, Grade पद, दर्जा, To be on leave छुट्टी पर आना, To pray चाहना, To give compliment राम राम कहना।

EXERCISE 28

National जातीय, Sympathy जाति हित, To have पाया जाना, Clothes woven in India भारत वप व बुने हुये कपड़े, To such an extent यहां तक, In the same dress उन्हीं वस्त्रों में To pay a visit to see भेंट करने को, Viceroy वायसराय, To propose तजवीज़ करना ढूंढना, Compartment दर्जा, To be attached बढ़ाया जाना, Native famales भारतवर्षीय स्त्रियां, Rule रीति, विधि, To be enforced प्रचलित होना।

EXERCISE 29

Senate सीनेट, Issue some rules कुछ नियम बनाना, Separate भिन्न २, अलग २, English Ladies मेम लोग, To guard निरीक्षण करना, To subdue आज्ञा पालन करना, In the meantime उस समय मे, Head or leader सरदार, स्वामी To conquer विजय करना, To come to know ज्ञात करना, To be situated स्थित होना, To take possession of अधिकार करना, Christianity इसाई मत, Prevail फैलना उन्नति होना।

EXERCISE 30

In the former time प्राचीन काल में, Powerful बलवान, With dreadful host एक भयानक सेना सहित, To

invade चढ़ाई करना, आक्रमण करना, Greece यूनान Victorious विजयी, To drive out निकाल देना To be of age तरुण होना, To be fond of इच्छा होना Events वार्ते घटनाय, Evidence साक्षी, उपस्थित, Beginning आरम्भ, Author बनाने वाला। Notorious प्रसिद्ध From place to place हर स्थान पर, Foreign countries अन्य देश, To be acquainted with विज्ञ होना, History इतिहास, Craftiness धोखा, चालाकी, Revolution of time काल चक्र, Quite निपट, Made a slave गुलाम बना दिया, Fool मूर्ख Negligent गाफिल, To advise उपदेश करना, Oral talking जबानी बात, Dejected मुर्दा दिल, Effect प्रभाव, Waited बाट देखी, Scatter बखेरना।

EXERCISE 31

In the mean while उसी समय में, To rob लूटना, To catch sight of दृष्टि पड़ना, As soon as ज्योंही, जिस प्रकार, With banding hands हाथ जोड़ कर, Your Majesty श्रीमान, Management प्रबन्ध, By day दिन दहेज, Travellers मुसाफिर, यात्री, Shadow अंधकार, To turn about फेर लेना, To make reply उत्तर देना।

EXERCISE 32

It is said कहा जाता है, प्रसिद्ध है, To arrive in पहुंचना, Musician गवैया, Predecessor बड़े, बुजुर्ग, Expert पूर्ण, प्रवीण, Blind नेत्र हीन, Said उक्त, Presence सेवा में, Pleasing मधुर, To sing to गा कर सुनाना, The lame man लंगड़ा मनुष्य, Reward पारितोषिक, To grant अर्पण करना।

EXERCISE 33

Certainly अवश्यमेव, Short छोटा, Long बड़ी,

Beard डाढ़ी, Tool मूर्ख, Accordingly अतएव, इस लिये, To thing within himself अपने हृदय में ध्यान किया, To be diminished न्यून होना, To seek for खोजना, Wick बत्ती, To remove हटा लेना, To place against लगा देना, To be ashamed लज्जित होना, Folly मूर्खता, To shear काटना।

EXERCISE 34

Golden mohar मुहर, Purse थैली, To be lost खो जाना, To summon बुलाना, Of the same length उसी लम्बाई की, To hand over देना, To be enlarged बढ़ जाना, Afterwards or then इस के पश्चात्, To recover ले लेना, Decision न्याय, To be passed किया जाना, For one finger's breadth एक अंगुल भर।

EXERCISE 35

Leopard चीता, To gather एकत्र करना, Utmost try अधिक परिश्रम, Struggle दौड़ धूप, To distribute विभाग करना, To come to dispute आक्रमण करना, Indignant क्रोधी, To grasp the flesh with the teeth भंभोड़ना, To be stained with blood लोहूलुहान होना, Separately भिन्न २, In the meantime इस समय में, Watch ताक, To step in भीतर आना, To run away चम्पत होना, Strength शक्ति, To seize छीन लेना, Deed करतब, Couplet पद्य, दोहा, To be beside themselves आपे से बाहर होना, Wounds घाव, Booty माल।

EXERCISE 36

At the time fixed समय पर, To win प्राप्त करना, Honor आदर, Reputation यश, Disgraced दीन हीन, Plenty of time अधिक समय, To receive प्राप्त करना,

Hesitation सोच विचार, Awhile तनिक देर, Benefits लाभ, To feel comfortable मन को चैन पड़ना, To give away, or to shrunk forth टाल देना, To pass away निकल जाना, keep off रक्षा करना, To get out of the bed शय्या से अलग होना, To tun about करवट बदलना, Shortness, कमी, तंगी, Width चौड़ाई, Rubber रबड़, To lengthen बढ़ जाना, To widen चौड़ा होना।

EXERCISE 37

Miser कृपणी, To bury गाड़ना, In short अत, Together साथ, Previous पहिला, पूर्व, Temptation लालच, To confide विश्वास करना, Suggestion युक्ति, Considerable बहुत, अधिक।

EXERCISE 38

Exercise व्यायाम, Useful उपयोगी, Health आरोग्यता, Sickness रोग, To attack चढ़ाई करना, Essential, necessary आवश्यक, Especially मुख्य कर, Occupation काम, Masons राज, Carpenters बढ़ई, Grain sellers वैश्य, Tonic पुष्ट, Feeble दुबला, To wrestle कुश्ती लड़ना, To perform the twistings of the body दंड करना, Gymnastic exercise जमनास्टिक, व्यायाम, Formerly पिछले समय में, Common चर्चा, रिवाज, Forefathers or ancestors प्राचीन मनुष्य, On the other hand इस के विरुद्ध, Accustomed अभ्यासी।

EXERCISE 39

Horse dealers घोड़ों के सौदागर, To present or to offer भेंट करना, In advance पेशगी, अग्रिम, Already पहिले, पूर्व, To head सिरे पर होना, To strike off काट देना, To put down दर्ज कर देना, लिखना।

EXERCISE 40

Dress वस्त्र, To be needed आवश्यकता होना, To adopt स्वीकार करना, Tools औज़ार, Difficult कठिन, Choice पसन्द, To carry on स्वीकार करना, Weapons हथियार, Vessel बर्तन, Pleaders वकील, Physician वैद्य, Diseases रोग, बीमारियां To show diognosis or to distinguish पहिचानना, To cure चिकित्सा करना, Opponent शत्रु, To stand against or to oppose लड़ना, By degrees or by and by, gradually शनै शनै, Skillful हुनर मंद, Well versed प्रवीण, To accomplish पूर्ण करना, Method रीति, To invent नवीन कार्य निकालना, To do good लाभ पहुचाना, To be improved उन्नति पाना, Defective बुरा।

EXERCISE 41

Backbiting निन्दा करना, Defect दोष, Cause कारण, Dissention झगड़ा, बखेड़ा, For nothing वृथा, To suffer दुख देना, Back biter निन्दक, Merits करतई, बुद्धि, To be shown खुल जाना, Is put to shame लज्जा उठानी पड़ती है, To inform जान गई, Hints सकेत, To be included गिना जाना, दाखिल होना, Deceit धोखे बाज़ी, To conceal छिपाना, To believe विश्वास करना, Bad suspicion मन बिगाड़ना, To dislike घृणा करना, To instruct समझा देना, To state वर्णन करना।

EXERCISE 42

Indeed वास्तव में, Within भीतर, Sunrise सूर्य उदय, Holiday छुट्टी, At midnight अर्द्धरात्री को, To commence आरम्भ करना।

EXERCISE 43

Dear महंगी, At least न्यून से न्यून, Usual मामूली,

Sample नमूना, Thick मोटा, Handkerchief रूमाल, To cost मूल्य लगाना, Umbrella छाता, Pair जोड़ा, Turban पगड़ी।

EXERCISE 44

How do you do आप कैसे हैं, To feel sorry रंज करना, To recover from आराम होना, Leave छुट्टी।

EXERCISE 45

To feel feverish हरारत मालूम होना, To appear परीक्षा में बैठना, Out of इनमें से, To succeed उत्तीर्ण होना, Brilliant अच्छा, Per cent प्रतिशत, Aggregate योग, Fate भाग्य, Never mind कुछ चिन्ता नहीं, If God willeth यदि ईश्वर की कृपा हुई।

EXERCISE 46

To draw near, to approach निकट आ जाना, To attach जोड़ना, मिलाना

EXERCISE 47

Minority बचपन, नाबालिगी To mortgage रहन करना, To be passed प्रचलित होना, To go on प्रचलित रहना, Income निकासी, To succeed in the object मुकद्दमा जीतना।

EXERCISE 48

Conquests वीरता, Troublesome दुखदाई To admire प्रशंसा करना, Crimes अपराध, To abstain from घृणा करना, Human beings प्रजा, Ease and peace अमन चैन, To disturb नष्ट करना, Subject प्रजा, Life and property जान व माल, To injure हानि पहुंचाना, Invincible अखण्ड, Harsh words तुच्छ शब्द, Above बाहर, To fall in conversation बात चीत करना,

Interest अधिकार, To put question to प्रश्न करना, To pass life जीवन व्यतीत करना, Conquerors शूरवीर, Courageous साहसी, To murmur बड़ बड़ करना, To dislike घृणा करना, To ravage नष्ट करना, To shed blood रक्त बहाना, To satisfy तृप्त करना, To restore देना, Philosophy ज्ञान विद्या, The oppressed दीन, To shelter रक्षा करना, To repay पलटा देना, बदला देना, Injury हानि, To put off उतार लेना, To treat वर्ताव करना, Alike सम, एक सा, To think over ध्यान करना।

LXERCISE 49

Undoubtedly वास्तव में, Creator पैदा करने वाला, Providence पोषण, Protector रक्षक, Overseer सब दर्शी, In the worldly relation संसार में, Existence जन्म, Means हेतु, Support रक्षक, Strong शक्तिमान, Attraction शक्ति, To carry out चला जाना, To engage लगाना, लगना, Deep affection गाढ़ा प्रेम, Effect प्रभाव, To prefer to अधिक समझना, To be grown up बढ़ना, Strong बलवान, The articles of livelihood जीविका की सामिग्री, To furnish एकत्र करना, Sweat पसीना, प्रस्वेद, Earning कमाई, Education and training ज्ञान और शिक्षा, Shrink जी चुराना, Superior बड़ा, To lay by जोड़ना,, To be consoled प्रसन्न होना, Specimen चिन्ह, To remember याद दिलाना, To equal समान करना, Dutiful सुपुत्र, To value आदर करना, Rights हक, अधिकार Obedience सेवा, भक्ति।

LXERCISE 50

Astrologer जोतिषी, More और, To be uneasy,

in the mind हृदय में घर करना, Prime Minister प्रधान मन्त्री, To draw the sword तलवार उठाना, To enquire ज्ञात करना, Cleverness चातुर्य्य, To believe in, to confide विश्वास करना ।

EXERCISE 51

* To have a dream स्वप्न देखना, Angel फ़रिश्ता, दूत, To give the blow of the hand तमाचा मारना, To take hold of पकड़ लेना, To startle चौंक पड़ना, Slumber निद्रा, To come to know ज्ञात करना ।

EXERCISE 52

Simple भोली भाली, Maiden कुमारी लड़की, By name, named नामी, Internal अन्तरीय, Desire इच्छा, Incomparable अद्वितीय, To make tour दौरा करना, To follow पद्धे पीछे आना, To bow चरणों में गिरना, Idol मूर्ति, To rub against मलना, To conclude फल निकलना, Moral फल, To be contented with संतोष करना ।

EXERCISE 53

Bank किनारा, Peasant किसान, Village गांव, To reside बसना, Dangerous अधिक, Famine अकाल, To be obtained प्राप्त होना, To be anxious चिन्ता होना, To support जीवन निर्वाह करना, Family कुटुम्ब, To be deprived of किसी वस्तु से हाथ उठाना, Misdeed अयोग्य काम, To utter बोलना Faith ईमान, धर्म, To be fall उतरना, Calamity जोखों, Provender चारा ।

EXERCISE 54

Lineage कुटुम्ब, Celebrated पराक्रमी, Capital,

metropolis राजधानी, To be reckoned गिना जाना; Disguise भेष, To wander देशाटन करना, Foreigners अन्य देशीय, To investigate देखना, भालना, To rule over राज्य करना Pomp शोभित करना, Livelihood जीवन, Means रीति, Simple सादा, The pious परहेज़गार, साधु, The vessel of water पानी की डाली।

EXERCISE 55

Gazette गज़ट, Particulars वृत्तान्त, Singular अद्भुत, To be published छापा जाना, To surpass, to excel अच्छा होना, Troublesome निर्दयी, Facts हालात, वृत्तान्त, As follows यह है, Juggler मदारी, Disputes झगड़ा, To impose fine upon some one, to fine जुरमाना करना, To take up the mind इरादा करना, साहस करना, Thereupon उस पर, To attack आक्रमण करना, To protect रक्षा करना, To fail in all respects कुछ बस न चलना, To climb चढ़ जाना।

EXERCISE 56

Murderer घातक, Doing कार्य To watch देखना, To bury गाड़ना, Ornaments गहने आभूषण, Dead bodies मृतक शरीर, Hints संकेत, Doubt सन्देह, To be burried गाड़ा जाना, Information सूचना, Certainly आवश्यक।

EXE[illegible]

मनुष्[illegible] cognize पहिचानना

To [illegible] of पकड़ लेना, T[illegible]

Shirt[illegible] [illegible]

[illegible] Scratche[illegible]

[illegible] to en[illegible]

EXERCISE 61

"Have been installed' लगा दिये गये हैं, Citizen के रहने वाले, Requested प्रार्थना की, Subscr चन्दा, Upper storey ऊपर की मंजिल।

EXERCISE 62

Resident, ambassador पदवी, To rain मेंह बरसना, Is overflowing चढ़ाव पर है Were hunting शिकार खेल रहे थे, Suddenly यकायक, Unemployed बेकार आदमी, Are going in search of employment नौकरी को जाने लगे, Earthquake भूचाल, Caused a blow सदमा पहुंचा।